

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 347

ग्वालियर, मंगलवार 06 सितम्बर 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## संक्षिप्त समाचार

### थल सेना प्रमुख जनरल पांडे ने अपने नेपाली समकक्ष जनरल शर्मा से मुलाकात की

**काठमांडू।** भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सेना मुख्यालय में अपने नेपाली समकक्ष जनरल प्रभु राम शर्मा से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न गैर-घातक सैन्य साजोसामान सौंपे। जनरल पांडे रविवार को पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे। जनरल पांडे को सोमवार को सेना मुख्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। नेपाली सेना ने ट्वीट में कहा, ÷भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल शर्मा को विभिन्न गैर-घातक सैन्य साजोसामान सौंपे। उसने एक अन्य ट्वीट में कहा, भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे ने सेना पैवेलियन में शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जनरल पांडे को सोमवार को राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी द्वारा नेपाल सेना के जनरल के मानद पद से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भंडारी के आधिकारिक आवास शीतल निवास में आयोजित होगा। नेपाल और भारत के थल सेना प्रमुखों द्वारा एक-दूसरे के देश की यात्राएं करने और एक-दूसरे देश के थल सेना प्रमुखों को मानद जनरल की उपाधि प्रदान करने की लंबी परंपरा रही है। यह परंपरा 1950 में शुरू हुई थी।

### भारतीय मूल के ऋषि सुनक को हरा ब्रिटिश पीएम बनी लिज ट्रस

**लंदन।** लिज ट्रस ब्रिटेन की नई प्रधानमंत्री होगी। उन्होंने ऋषि सुनक को काफी पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल कर ली है। आखिरी चरण में लिज ट्रस को 81 हजार 326 वोट हासिल हुए हैं। वहीं ऋषि सुनक को 60 हजार 399 वोट ही मिले। सर्वे में भी बताया जा रहा था कि तीसरे यानी अंतिम चरण में लिज सुनक से काफी आगे चल रही हैं। बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद ब्रिटेन में समय से पहले चुनाव करवाए गए थे। खास बात यह है कि पांच राउंड में सुनक ने लिज ट्रस को पीछे छोड़ दिया था लेकिन फाइनल राऊंड में जीत लिज ट्रस की हुई। ऋषि सुनक बोरिस जॉनसन की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। सबसे पहले उन्होंने ने ही कैबिनेट से इस्तीफा दिया था। बताया जा रहा था कि बोरिस जॉनसन नहीं चाहते थे कि ऋषि सुनक प्रधानमंत्री बनें। अंतिम चरण में कंजर्वेटिव पार्टी के करीब 1 लाख 60 हजार सदस्यों को वोट देना था। इसी चरण में ऋषि सुनक को हार का सामना करना पड़ा। 47 साल की लिज ट्रस ब्रिटेन की तीसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी। उन्हें ब्रिटेन में फायरब्रैंड दक्षिणपंथी नेता के रूप में जाना जाता है। लिज से पहले मार्गरेट थैचर और थेरेसा महिला प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। बता दें कि आखिरी राउंड में कुल 82.6 फीसदी वोट पड़े थे। 654 वोट रिजेक्ट हो गए थे। बोरिस सरकार में लिज ट्रस विदेश मंत्री थीं। वह 6 बार मंत्री रह चुकी हैं।

### चीन के सिचुआन प्रांत की लुडिंग काउंटी में 6.8 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण पश्चिमी सिचुआन प्रांत की लुडिंग काउंटी में 6.8 तीव्रता का भूकंप आया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। भूकंप में कम स कम 7 लोगों के मारने की खबर है। कई लोग घायल भी हुए हैं।चीनी मीडिया के मुताबिक भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र 29.59 डिग्री उत्तरी अक्षांश तथा 102.08 डिग्री पूर्वी देशांतर से जमीन से 16 किलोमीटर की गहरायी में स्थित था। भूकंप का केंद्र लुडिंग काउंटी से 39 किलोमीटर दूर स्थित था और भूकंप के केंद्र के पांच किलोमीटर के दायरे में कई गांव आते हैं। भूकंप के झटके सिचुआन प्रांत की राजधानी चेंगदु में भी महसूस किए गए, जो भूकंप के केंद्र से 226 किलोमीटर दूर स्थित है। चीनी सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में चेंगदु में इमारतों को हिलता हुआ देखा जा सकता है। अभी किसी इमारत को नुकसान पहुंचने की जानकारी नहीं है। सिचुआन प्रांत तिब्बत के पड़ोस में स्थित है और भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। इस प्रांत में 2008 में विनाशकारी भूकंप आया था, जिसमें करीब 90,000 लोगों की मौत हो गई थी।

### जिम में जरुरत से ज्यादा वर्क करने से हो रहा कार्डियक अरेस्ट

**नई दिल्ली।** इनदिनों देश में कार्डियक डेथ रेट बढ़ता जा रहा है। इससे साफ हो रहा है, कि अब युवाओं की भी कार्डियक अरेस्ट से मौत हो रही है। पहले लोगों को लगता था कि कम उम्र के लोगों को हार्ट अटैक नहीं आता और पतले लोगों को भी इसका सामना नहीं करना पड़ता, लेकिन अब साफ होता जा रहा है, कि कार्डियक अरेस्ट कम उम्र के लोगों को भी हो रहा है और अचानक से मौतें हो रही हैं। दरअसल डॉक्टर का कहना है कि अचानक से मौतों का सबसे बड़ा कारण है कि लोग अब बहुत स्ट्रेस में रहते हैं। बॉडी साथ ना भी दे, तब भी ओवर प्रेशर में रखते है, बॉडी को लोग जिम जाते है। वहां बॉडी साथ ना दे तब भी जबरदस्ती करते हैं जो गलत है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश कई राज्यों में ऐसी मौतें देखी गई है। जहां पर लोग या तो अचानक जिम में गिरे हैं या अचानक से उनकी मौतें हुई हैं। इसका बड़ा कारण यही है कि लोग अपने लक्षणों को समझ नहीं पाते हैं और बॉडी अलार्म करती है, लेकिन लोगों को समझ नहीं आता है।

# भाजपा ने शराब घोटाले का किया 'स्टिंग', कहा सीधे सिसोदिया के हाथ में दी जाती थी दलाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली में कथित शराब घोटाले को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर हमलावर भाजपा ने अब स्टिंग ऑपरेशन बताते हुए एक वीडियो जारी किया है। भाजपा ने इसके जरिए आप पर मोटा माल कमीशन के जरिए लेने का आरोप लगाया है। भाजपा का दावा है कि सीबीआई की ओर से दर्ज किए गए केस में आरोपी नंबर 13 सनी मारवाह के पिता कुलविंदर मारवाह ने खुफिया कैमरे पर आप सरकार की ओर से कमीशन लिए जाने की बात कही है।



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कथित स्टिंग ऑपरेशन जारी करते हुए कहा स्टिंग मास्टर का स्टिंग हो गया है। अरविंद केजरीवाल जब मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने कहा था कि कोई भ्रष्टाचार करे तो आप उसका स्टिंग कर लेना और हमें भेज देना। आज वही हो गया है। स्टिंग में जो कंटेंट है उससे एक बात साबित होती है कि जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने की कसम खाकर आए थे वह आम आदमी पार्टी कट्टर भ्रष्टाचारी बनकर सामने आई है। संबित पात्रा ने कहा अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने मोटा माल कमाया है, अपने मित्रों से मोटी दलाली ली है। लोग दलाली देने के लिए अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के पास जाते थे। मोटी दलाली कमाकर दिल्ली को नुकसान में धकेला गया और खुद को प्रॉफिट में रखा गया। यह स्टिंग उस व्यक्ति के मुंह से है जो खुद मनीष सिसोदिया के हाथ में मोटा माल देता था। जो आरोपी लिस्ट है सीबीआई की उसमें 13 नंबर पर सनी मारवाह हैं उनके पिता कुलविंदर मारवाह हैं, जो बताते हैं कि किस तरह कमीशन खाया जाता था। संबित पात्रा ने स्टिंग ऑपरेशन में कही गई बातों के हवाले से कहा कि ठेकेदारों और अरविंद केजरीवाल, सिसोदिया के मित्रों को 80 फीसदी प्रॉफिट मिलता था।

## हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा...लड़कियों को मिनी और मिडी पहनने की अनुमति दे



**नई दिल्ली।** शिक्षण संस्थानों में हिजाब पहनकर प्रवेश पर रोक लगाने के कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई विभिन्न याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई! जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने मामले के स्थगित करने और गैर-विविध दिन पर सुनवाई निर्धारित करने के याचिकाकर्ता के अनुरोध को ठुकरा दिया। कर्नाटक हिजाब मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्तओं ने जब पगड़ी का हवाला दिया, तब सुप्रीम कोर्ट ने इससे इनकार करते हुए कहा कि पगड़ी की तुलना हिजाब से नहीं की जा सकती। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कहा, पगड़ी सिर्फ धार्मिक पोशाक नहीं है। मेरे दादा वकालत करते हुए इसे पहना करते थे। पगड़ी को सिर्फ धर्म से नहीं जोड़िए। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हेगड़े से सवाल कर कहा कि अगर एक्ट में ड्रेस कोड का प्रावधान नहीं हो, तब सरकार इस तरह का प्रावधान कर सकती है या नहीं? हेगड़े ने कहा कि मौलिक अधिकारों की कीमत पर कार्यकारी शक्ति का प्रयोग नहीं किया जा सकता है। जस्टिस हेमंत गुप्ता ने कहा कि क्या ऐसी स्थिति हो सकती है, जहां लड़कियों को मिनी और मिडी पहनने की अनुमति दी जा सकती है या वे जो चाहें पहन सकती हैं, अगर सरकार द्वारा स्कूल ड्रेस लागू करने की कोई शक्ति नहीं है? सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हम कर्नाटक हिजाब बैन मामले का परीक्षण करने को तैयार हैं। कोर्ट ने इस पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इससे पहले हिजाब बैन पर सुनवाई टालने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट के जज नाराज हो गए। मुस्लिम याचिकाकर्ताओं के वकीलों से जस्टिस गुप्ता ने कहा कि ये फोरम शॉपिंग नहीं चलेगा।

**सीएम हेमंत सोरेन ने शक्ति परीक्षण के माध्यम से यूपीए की एकजुटता का दिया संदेश, कहा-व्यापारियों के जामात ने पूरे देश को अस्त-व्यस्त कर दिया**

# कपड़ा-सब्जी-राशन खरीदने की बात सुनी थी बीजेपी विधायकों को खरीदने में लगी हैं: हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार ने शक्ति परीक्षण के माध्यम से अपनी सरकार के स्पष्ट बहुमत रहने और यूपीए में एकजुटता का संदेश देने में सफलता हासिल की। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि अब उन्होंने कपड़ा, सब्जी और राशन खरीदने की बात सुनी थी, लेकिन बीजेपी द्वारा विधायकों को खरीदने का काम किया जा रहा है। व्यापारियों के जामात ने पूरे देश को अस्त-व्यस्त कर दिया है।



### यूपीए हर परिस्थिति में मुंहतोड़ और कानूनी जवाब देने के लिए तैयार

सीएम हेमंत सोरेन ने विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राज्यपाल से मामले का पटाक्षेप करने का आग्रह करते हुए कहा कि यूपीए गठबंधन हर परिस्थिति में मुंहतोड़ और कानूनी जवाब देने के लिए तैयार है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में यूपीए को स्पष्ट बहुमत मिला है, लेकिन इसके बावजूद अभी विश्वास मत प्रस्ताव हासिल करने की आवश्यकता इसलिए पड़ी, ताकि देश और पूरे राज्य की जनता को सारी बातों की जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना वैश्विक महामारी में भी सरकार ने मुंहतोड़ जवाब दिया और झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों को संभालने का काम किया, उस परिस्थिति में यदि विपक्षी दलों की सरकार होती, तो गरीब और आदिवासियों एवं मजदूरों का क्या होगा, यह कहना मुश्किल हो जाता है।उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेता आज जरूर कहते है कि हवाई चप्पल पहनने वाले लोग हवाई जहाज पर चलेंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि इन गरीबों को सड़कों पर चलने लायक नहीं छोड़ा गया है। देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन बीजेपी वालों ने झंडा बेचने का काम किया। देश के लोकतंत्र को बेचने का प्रयायस किया गया। ये सिर्फ व्यापारियों की मदद रहे हैं, अपने करीबी चंद व्यापारियों की मदद की जा रही है, देश को गिरवी रखने का काम किया जा रहा है, उनके पास अपने कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए पैसा नहीं है। लेकिन व्यापारियों का कर्ज माफ करने के लिए उनके पास पैसा है।

### मनुवादी सोच को बढ़ावा मिला, देश को बांटने की कोशिश

हेमंत सोरेन ने कहा कि वे बीजेपी नेताओं को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। देश के विभिन्न राज्यों में लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया के माध्यम से इन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। केंद्र की इस सरकार ने आजादी के पहले की मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का काम किया है। ये धर्म के नाम पर देश के भाग-भाग में बांटने का प्रयास कर रहे है।

### जेट विमान से आकर पैसा बांटने वाले बताएं कितने मरीजों को एयरलिफ्ट किया

दुमका की पीड़िता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे हवाई जहाज और जेट विमान से पैसा बांटने पहुंच जाते है और सरकार से पूछते है कि गंभीर हालत के बावजूद राज्य सरकार की ओर से पीड़िता को क्यों नहीं रेस्क्यू किया गया, लेकिन उनके पास इतना पैसा है, तो यह बताना चाहिए कि उन्होंने अब तक कितने मरीजों को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से लिफ्ट करने का काम किया है। जबकि राज्य सरकार आम नागरिक हो या मुजरिम सबकी जान बचाने की कोशिश में जुटी है। चतरा की एक एसिड पीड़िता को एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा गया, गंभीर रूप से घायल एक युवक को भी दिल्ली भेजा गया।

## हमने कभी उद्धव ठाकरे से मुख्यमंत्री पद का वादा नहीं किया था: गृह मंत्री अमित शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना के पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा और धोखा देने का आरोप लगाया. अमित शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने भाजपा को धोखा दिया है और उन्हें सबक सिखाने की जरूरत है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा, हम राजनीति में कुछ भी बर्दाश्त कर सकते हैं लेकिन विश्वासघात नहीं. गृह मंत्री अमित शाह मुंबई के दो दिन के दौरे पर हैं. वे रविवार रात मुंबई पहुंचे जहां हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस समेत अन्य नेताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया. सोमवार को विश्व प्रसिद्ध लाल बाग का राजा गणपति के दर्शन कर उन्होंने भगवान का आर्शीवाद लिया. इस मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे. यहां से शाह एकनाथ शिंदे के साथ उनके घर वर्षा पहुंचे और गणेश पूजा में शामिल हुए. इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी विधायकों, सांसदों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की।





## सीट बेल्ट बांधी होती तो बच सकती थी साइरस मिस्त्री की जान, आनंद महिंद्रा ने की अपील सीट बेल्ट जरूर बांधे

**नई दिल्ली।** दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट से बचने के लिए कार में सीट बेल्ट बांधकर वैठना बेहद जरूरी है। अक्सर देखने में आता है कि कार में ज्यादातर ड्राइवर और आगे की सीट पर बैठा पैसेंजर तो सीट बेल्ट बांध लेते हैं, लेकिन पीछे बैठने वाले पैसेंजर बेल्ट पहनना जरूरी नहीं समझते। हाल ही में महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सभी से कार की पिछली सीटों पर भी सीट बेल्ट पहनने की अपील की है। उन्होंने रविवार को एक कार दुर्घटना में टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की मौत के मद्देनजर एक ट्वीट पोस्ट किया है। महिंद्रा ने लिखा कि वह कार की पिछली सीट पर भी हमेशा सीट बेल्ट लगाते हैं। उन्होंने सभी से यह संकल्प लेने का भी आग्रह किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, मैं कार की पिछली सीट पर भी हमेशा अपनी सीट बेल्ट पहनता हूं और मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप सभी भी सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। कई वाहन निर्माताओं के लिए सेफ्टी सबसे ऊपर है। वे अपनी कारों को कई सेफ्टी उपकरण और तकनीकों के साथ पेशकश करने का प्रयास करते हैं जो ड्राइवर और कार में बैठने वालों की सुरक्षित यात्रा के लिए बेहद जरूरी हैं। हालांकि, सीट बेल्ट पहनने और जल्दबाजी में गाड़ी न चलाने जैसी बातें कार में बैठने वालों पर निर्भर करती हैं। इस तरह की आदतों का पालन करने से लोगों की जान बच सकती है और गंभीर चोट से बचाया जा सकता है। सीट बेल्ट न लगाने पर हादसे में गंभीर चोट और जान का जोखिम बढ़ जाता है। भले ही कोई व्यक्ति कितनी भी सुरक्षित और लग्जरी कार में क्यों न बैठा हो।

**पानी-पानी हुआ बेंगलुरु सड़कों पर चली नाव गली-मोहल्लों में जलभराव**

# भारी बारिश से पानी-पानी हुई भारत की टेक राजधानी बेंगलुरु

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में भारी बारिश की वजह से सोमवार को जगह-जगह जलजमाव हो गया है। इसके कारण शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ठप पड़ गई है। कोरामंगला सहित बेंगलुरु के अनेक हिस्सों में सामान्य जनजीवन प्रभावित है। हालात की मांग है कि टेक राजधानी बेंगलुरु के आफिस की ओर से वर्क फ्राम होम के आदेश जारी कर दिए जाएं। बेंगलुरु में आज कठिनाई का सामना कर रही युवती ने बताया, बेंगलुरु में इतना अधिक पानी भर जाएगा ऐसा कभी सोचा नहीं था। किसी तरह हम यहां तक पहुंच गए हैं, लेकिन यहां से आगे अपने आफिस तक कैसे पहुंचे, इसका पता नहीं। यहां के प्रशासन को हालात पर काबू करना चाहिए। अमेजन, फ्लिपकार्ट और विप्रो जैसी कंपनियां हैं। वाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स और भारतीय होम डिलीवरी कंपनी स्विगी ने अपने कर्मचारियों को घर से काम करने के आदेश दे दिए हैं। सोशल मीडिया के यूजर्स भी लोगों को निश्चित मार्गों से परहेज करने की सलाह दे रहे हैं। स्थानीय मीडिया पर ढेर सारी ऐसी तस्वीरें और वीडियो क्लिप प्रसारित हो रहे हैं जिसमें जगह-जगह कमर तक पानी भर गया है और इसके कारण लंबा ट्रैफिक जाम लगा पड़ा है। स्थानीय निवासी ने बताया, यहां भारी बारिश हुई। सुबह जागने के बाद हमने देखा कि जलजमाव शुरू हो गया था। सड़क पर डिवाइडर तक पानी पहुंच गया। इसके बाद हमने सड़क और बेसमेंट से पानी को निकालना शुरू किया। मेरा बेसमेंट पूरी तरह जलमग्न हो चुका है।एक अन्य स्थानीय नागरिक ने कहा कि हर साल यह स्थिति बनती है और उन्हें खराब निकासी व्यवस्था के कारण पानी निकालना पड़ता है। उन्होंने बताया, %यह हर साल होता है, बारिश के बाद पानी भर जाता है, जिसे हमें ही निकालना पड़ता है। इसका स्थायी समाधान नहीं है। जब सड़कें बनाई जा रहीं थी, तब निकासी व्यवस्था को उचित तरीके से नहीं तैयार किया गया।



## कर्नाटक में हो रही भारी बारिश से आईटी कंपनियों को 225 करोड़ का नुकसान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में इनदिनों हो रही भारी बारिश के बाद बेंगलुरु में आईटी कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बेंगलुरु की आईटी कंपनियों को करीब 225 करोड़ का नुकसान हुआ है। इस पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने आईटी कंपनियों को भरोसा दिया है कि उनके नुकसान को लेकर जल्द ही चर्चा होगी। सीएम बोम्मई ने कहा कि भारी बारिश के कारण आईटी कंपनियों को हुए नुकसान और उसके मुआवजे को लेकर जल्द चर्चा होगी। बोम्मई ने कहा, हम आईटी कंपनियों को बुलाएंगे और भारी वर्षा के बाद जलजमाव के कारण जो क्षति हुई है, उसके बारे में उनकी समस्याओं पर बात करने वाले हैं। हम बारिश के कारण हुए संबंधित नुकसान और मुआवजे पर भी चर्चा करने वाले हैं। बोम्मई ने यह बयान तब दिया है, जब आईटी कंपनियों ने सीएम से रिंग रोड के मुद्दे को सुलझाने का अनुरोध किया है। एक दिन पहले बेंगलुरु में भारी बारिश हुई जिसके कारण जगह-जगह जलजमाव हो गया है। जलजमाव के कारण बेंगलुरु और कोरामंगला में कई जगह ट्रैफिक जाम हो गया। इससे लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। स्थानीय व्यक्ति का कहना था कि बारिश इतनी ज्यादा हुई कि सड़क पर गाड़ी चलाना मुश्किल हो गया था।

### मोहाली में बड़ा हादसा, 50 फुट ऊपर से अचानक गिरा आसमानी झूला 10 बच्चे घायल

**नई दिल्ली।** मोहाली में रोंगटे खड़े कर देने वाली एक घटना हुई है। शहर फेज-8 के दशहरा मैदान में रविवार शाम को चल रहे उत्सव के दौरान एक जॉयराइड (ड्रॉप टावर) 50 फुट की उंचाई से सीधे जमान पर आ गिरा। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। आपको बता दें कि ड्रॉप टावर गिरने से पांच बच्चों सहित कम से कम 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को स्थानीय सिविल अस्पताल और फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल अस्पताल में भर्ती लोगों में 23 वर्षीय राजदीप सिंह, 31 वर्षीय हितेश कुमार, 28 वर्षीय जीनत और 23 वर्षीय भावना शामिल हैं। वहीं, ज्योति शर्मा (33), उनकी बेटी मान्या शर्मा (13), सोनम (32), राजबीर ढाबरा (10), बानी वाधवा (12) का फोर्टिस अस्पताल में इलाज चल रहा है।

न्यूज़ ट्रैक....

## इस माह में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली** । भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम इस महीने में सिंगापुर और वियतनाम से दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। भारतीय टीम 24 सितंबर को सिंगापुर से जबकि 27 सितंबर को मेजबान वियतनाम से खेलेगी। इससे टीम को 2022 एएफएफ मित्सुबिशि इलेक्ट्रिक कप की तैयारी में लाभ मिलेगा। भारतीय टीम 22 सितंबर को वियतनाम जायेगी और 28 सितंबर को लौटेगी। वियतनाम फुटबॉल महासंघ के अनुसार तीनों टीमें 21 से 27 सितंबर तक टूर्नामेंट खेलेंगी और इसमें अधिक अंक पाने वाली टीम को विजेता घोषित किया जायेगा। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को भी अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा। पिछले कुछ समय में भारतीय फुटबॉल बेहतर होता गया है।

## अंडर 17 विश्व कप से भारत में महिला फुटबॉल की लोकप्रियता बढ़ेगी : कप्तान

**नई दिल्ली** । भारतीय सीनियर राष्ट्रीय टीम की कप्तान आशालता देवी ने कहा है कि अगले माह 11 से 30 अक्टूबर के बीच देश में होने वाले फीफा अंडर 17 विश्व कप से भारत में महिला फुटबॉल की लोकप्रियता बढ़ेगी। आशालता के अनुसार इससे भारत महिला फुटबॉल का बड़ा केंद्र बनेगा जबकि अभी कई लोगों को महिला फुटबॉल के बारे में जानकारी तक नहीं है। वहीं टीवी प्रसारण से लोग इसके बारे में जानेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय महिला फुटबॉल के भविष्य के लिये यह एक अच्छा अवसर है। उन्होंने प्रशंसकों से बड़ी संख्या में स्टेडियम में आकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप 2022 को आपके सहयोग की जरूरत है। इसके खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन की ओर प्रेरित होंगे।

## म्युनिख और बर्लिन का मुकाबला बराबरी पर रहा

**बर्लिन** । बुंडेस्लिगा फुटबॉल लीग में बायर्न म्युनिख और यूनियन बर्लिन के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा है। वहीं एक अन्य मुकाबले में फ्रेइबर्ग ने बायेर लीवरकुसेन को 3-2 से पराजित किया। इसी के साथ ही फ्रेइबर्ग अब गोल औसत के आधार पर अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है जबकि बोरूशिया डॉर्टमंड दूसरे स्थान पर खिसक गयी है। वहीं बायर्न और यूनियन के बराबर अंक है पर वे तीसरे और चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। इस मैच में थॉमस म्यूलर ने दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर बायर्न की ओर से मैदान पर उतरते ही ओलिवर कान के रिकार्ड 633 क्लब मैच खेलने के रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं अन्य मैचों की बात करें तो फ्रेंकफर्ट ने लीपजिग को 4-0 से हराया जबकि वेरडेर ब्रेमेन ने बोशम को 2-0 से शिकस्त दी।

# नियमित खेलने वाले बच्चों के व्यक्तित्व होता है विकास

## 61वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा शुरु

**इन्दौर** । सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 61वीं सरताज लीग बैडमिंटन स्पर्धा नारायण बाग बाल विकास केंद्र में शुरु हुई। आशुतोष बिन्नानी, गौतम मूणत, मन बड़जात्या, आरव गोयल ने बालकों में, प्रियांशी पटेल, देवांशी गर्दे, अराध्या आर्य ने बालिकाओं में अपने प्रारंभिक मैच जीते। क्षेत्रीय भाजपा पार्षद सुरेश टाकलकर ने स्पर्धा का उद्घाटन किया। भारतीय स्टेट बैंक के निवृत्त उपमहाप्रबंधक विजय रांगणेकर ने अध्यक्षता की। खिलाड़ी वृत्तिका राज और समर्थ दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया।




प्रशिक्षक और राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी धर्मेश यशलहा ने संचालन किया। पार्षद सुरेश टाकलकर ने कहा कि जो बच्चे नियमित खेल रहे हैं, उनके व्यक्तित्व का विकास बेहतर होगा। आजकल बच्चे मोबाइल, कार्टून, गेम के आदी हो रहे हैं जो उनके स्वास्थ्य के लिए भी घातक हैं, पढ़ाई के साथ खेल भी जरुरी है, आपको अपने साथियों को भी नियमित खेलने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पैरेंट्स को भी बच्चों को नियमित रुप से खिलाकर बेहतर खिलाड़ी बनाने के प्रयास करना चाहिए। खेल सुविधाओं का फायदा उठाकर बच्चे को खेलों में आगे बढ़ाएं।

विजय रांगणेकर ने बैडमिंटन में सरताज अकादमी द्वारा की जा रही निरंतर गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरताज अकादमी में मिल रहे बेहतर प्रशिक्षण का फायदा उठाकर जीत के लक्ष्य के साथ बच्चे आगे बढ़े। धर्मेश यशलहा ने बताया कि स्पर्धा के मुकाबले लीग आधार पर योनेक्स फेदर शटलकाक से हो रहे हैं। आशुतोष बिन्नानी ने संदिली गोयल को तीन गेमों में 14-16, 15-6, 15-5 से हराया, गौतम मूणत ने प्रियांशी पटेल को 15-10, 15-7 से, आरव गोयल ने तीर्थ गोयल को 15-6, 15-10 और अराध्या आर्य ने आरोही गोयल को 15-1, 15-2 से पराजित किया। मुकाबले शाम 5.30 बजे से नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हाल में खेले जाएंगे।

## दिलीप ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन कर वापसी का प्रयास करेंगे : रहाणे

**मुम्बई** । बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे अब 8 से 25 सितंबर तक तमिलनाडु में होने वाली दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम करते हुए बेहतर प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी का प्रयास करेंगे। रहाणे का लक्ष्य इस घरेलू टूर्नामेंट में बेहतर खेल दिखाकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचना रहेगा। इस टीम में रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची मुंबई की टीम के खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। पश्चिम क्षेत्र की टीम में पृथ्वी शॉ, शार्दुल ठाकुर, के अलावा यशस्वी जायसवाल, शम्स मुलानी, हार्दिक तामारे और तनुष कोटियान को भी शामिल किया गया है। सौराष्ट्र के अनुभवी जयदेव उनादकट और राहुल त्रिपाठी भी इस टीम में जगह हासिल करने में सफल रहे हैं।

रहाणे को आईपीएल के दौरान चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह कड़े 'रिहैबिलिटेशन' में रहे थे। वहीं टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद उनके भविष्य को लेकर आशंकाएं जाहिर की जा रहीं थीं।

# वारविकशायर की ओर से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे जयंत

**मुम्बई** । भारतीय स्पिनर जयंत यादव भी इंग्लैंड काउंटी क्रिकेट में खेलने जा रहे हैं। पिछले काफी समय से जयंत को राष्ट्रीय टीम में खेलने का अवसर नहीं मिला है। अब उनका लक्ष्य काउंटी में खेलकर लय हासिल कर भारतीय टीमें वापसी करना रहेगा। चेतेश्वर पुजारा , तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज , उमेंश याद आदि ने पहले ही कांउटी से करार कर लिया था। जयंत से इंग्लैंड के वारविकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने करार किया है। वह 12 सितंबर को एजबैस्टर के मैदान पर समरसेट टीम के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। जयंत का प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर अच्छा रहा है। उन्होंने 64 मैचों में 173 विकेट हासिल किए हैं। वहीं उनका बल्ला भी इस दौरान अच्छा चला है। उन्होंने 31 की औसत से 2194 रन भी बनाए हैं जिसमें 3 शतक भी शामिल हैं। वारविकशायर में पहले से ही सिराज भी हैं। ऐसे में 12 सितंबर के मैच में जयंत के साथ सिराज अंतिम-11 में दिख सकते हैं। वारविकशायर क्रिकेट क्लब के डायरेक्टर पाल ने कहा कि जयंत के आने से टीम की बल्लेबाजी तो मजबूत होगी ही साथ ही साथ गेंदबाजी विभाग भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि जयंत को टीम में शामिल करना काफी अच्छा रहेगा। क्लब उनका स्वागत करता है। जयंत लगातार टेस्ट क्रिकेट खेलते रहे हैं, उनके पास प्रथम श्रेणी का काफी अनुभव है। वह हमारे लिए अभम भूमिका अदा कर सकते हैं। जयंत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 2016 में कदम रखा था। उसके बाद से उन्होंने 6 टेस्ट और कुछ एकदिवसीय भी खेले हैं। काउंटी क्लब में शामिल किये जाने से जयंत उत्साहित हैं।

# ग्रीन पार्क में दस सितंबर को होगा सचिन और लारा की टीमों का मुकाबला

**कानपुर** । सड़क सुरक्षा जागरुकता को लेकर कानपुर के ग्रीन पार्क में दस सितंबर को रोड सेफ्टी विश्व सीरीज का शुरुआती मुकाबला महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की इंडियन लीजेंड्स और ब्रायन लारा की वर्ल्ड लीजेंड्स के बीच होगा। यह टूर्नामेंट पहली बार यहां के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। कानपुर के अलावा देश के 3 अन्य जगह पर भी यह टूर्नामेंट होगा। इस सीरीज को लेकर स्टेडियम में जबरदस्त तैयारियों हो रही हैं। इस सीरीज में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड सहित 8 टीमें भाग लेंगी। इसमें विश्व भर के कई पूर्व क्रिकेटर खेलते दिखेंगे। सीरीज का सेमीफाइनल और फाइनल इस बार रायपुर के मैदान में खेला जाएगा.इसके गत संस्करण में 7 टीमें शामिल हुई थी। वहीं 2022 में एक और टीम इस सीरीज से जुड़ी है। जिसके बाद अब दुनिया के कुल 8 देशों की टीमें इस सीरीज में भाग लेंगी। सभी देशों के पूर्व खिलाड़ी इसमें खेलते नजर आयेंगे। इसमें मुख्य रुप से सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, एंड्रयू सायमंड्स, रॉस टेलर सहित अन्य दिग्गज खिलाड़ी भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट के उदघाटन समारोह में बालीवुड सितारे भी कार्यक्रम पेश करेंगे।

## जिम्बाब्वे ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया धरती पर जीता मैच

**सिडनी** । रेयान बर्ल की घातक गेंदबाजी से जिम्बाब्वे ने मेजबान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को पहली बार उसी की धरती पर हराया है। यहां सीरीज के दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे ने जीत के साथ ही यह अहम उपलब्धि हासिल की है। इस मैच में जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर रेयान ने अपने तीन ओवर में 5 विकेट लिए। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने इस जीत की खुशी आधिकारिक ट्विटर पर साझा की है।



*दक्षिण कोरिया में मैत्री फुटबॉल मैच में खेलती हुई दक्षिण कोरियाई और जमैकाई खिलाड़ी।*

# बिश्नोई ने अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचा , चहल ने किया निराश

**दुबई** । टीम इंडिया के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने यहां एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ हुए दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान खींचा है। बिश्नोई ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। बिश्नोई को शुरुआत में ही शीर्ष क्रम के खिलाफ गेंदबाजी के लिए उतारा गया पर उन्होंने बिना किसी दबाव के अपना कौशल दिखाते हुए पाक कप्तान बाबर आजम को आउट कर कप्तान के भरोसे को कायम रखा। वहीं इस मैच में दूसरे स्पिनर के तौर पर युजवेंद्र चहल को अवसर मिला था पर वह प्रभावी नहीं रहे। चहल ने इस साल 15 टी20 मुकाबलों में केवल 16 विकेट लेने के लिए काफी रन लुटा दिये। एशिया कप के तीन मुकाबलों में चहल सिर्फ एक विकेट ले पाये हैं। पाक के खिलाफ पहले मुकाबले में भी चहल ने 4 ओवर में 32 रन दिये थे। इसके बाद हांगकांग के खिलाफ वह विकेट नहीं ले पाये थे। की पाक के खिलाफ दूसरे मैच में उन्होंने एक विकेट लिया पर 43 रन दे दिये। अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन पिछले कुछ समय में टीम इंडिया में शामिल तो रहते हैं पर चहल के कारण उन्हें अंतिम एकादश में जगह नहीं मिल रही थी पर जिस प्रकार चहल उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

व्यापारन्यूज

## एशियाई बाजारों का मिलाजुला रुख

**मुंबई** । एशिया के बाजारों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिल रहा है। सिंगापुर स्टॉक एक्सचेंज 0.17 फीसदी के नुकसान पर कारोबार कर रहा है, जबकि जापान का निक्केई 0.22 फीसदी टूट चुका है। दूसरी ओर ताइवान का बाजार 0.39 फीसदी की बढ़त पर है तो दक्षिण कोरिया के कॉस्पी पर 0.49 फीसदी की तेजी दिख रही है। भारतीय पूंजी बाजार में अगस्त महीने में लगातार पैसे लगा रहे विदेशी निवेशकों ने इस महीने बिकवाली शुरू कर दी है। पिछले कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बाजार में 8.79 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इसी दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 668.74 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## पटना में 56 पैसे सस्ता हुआ पेट्रोल



**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजार में आ रही गिरावट का असर अब घरेलू बाजार की खुदरा कीमतों पर भी दिखने लगा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से सोमवार को पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में भी बदलाव आया है। हालांकि दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में सोमवार को भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है लेकिन बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल-डीजल सस्ता हो गया है। यहां पेट्रोल 56 पैसे सस्ता होकर 107.24 रुपए प्रति लीटर और डीजल 52 पैसे गिरकर 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। अगर कच्चे तेल की बात करें तो पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव 2 डॉलर गिरकर 94.54 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 0.70 डॉलर घटकर 88.22 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.60 रुपए और डीजल 89.77 रुपए प्रति लीटर है। गाजियाबाद में पेट्रोल 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.42 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# मजबूती के साथ शेयर बाजार की शुरुआत : सेंसेक्स में 400 अंक की तेजी

**मुंबई** । वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारि दिन सोमवार को दो सौ अंकों की तेजी के साथ खुला है। सेंसेक्स 411.65 अंकों की तेजी के साथ 59,214.98 अंकों पर तो निफ्टी 113.00 अंकों की तेजी के साथ 17,652.45 पर कारोबार कर रहा था। इससे पहले एशियाई शेयर बाजार और एजीएक्स निफ्टी से बाजार को कमजोरी के संकेत मिले थे। बाजार में सपाट में शुरुआत




होने के बाद बैंकिंग, मेटल और रियल्टी सेक्टर में खरीदारी होने से मजबूती लौटी। बाजार में सभी सेक्टर्स में बढ़िया खरीदारी देखने को मिल रही है। फार्मा सेक्टर के शेयरों में हल्की कमजोरी दिख रही है। निफ्टी मेटल इंडेक्स में सबसे अधिक 1.1त्न की मजबूती आई है। अपोलो होटल्स, नेस्ले इंडिया, एमएंडएम, दिविस लैब, डॉ. रेड्डी, बजाज ऑटो और कोल इंडिया के शेयर फिलहाल टॉप लूजर नजर आ रहे हैं। वहीं सुजलॉन, हिंडाल्को, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, कोटक बैंक और जेएसडब्ल्यू के शेयर टॉप गेनर के रूप में दिख रहे हैं।

## अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में गिरावट

**मुंबई** । अमेरिका में फेड रिजर्व की ओर से महंगाई के काबू में आने तक ब्याज दरें बढ़ाने का संकेत दिए जाने के बाद से निवेशक सिर्फ बिकवाली कर रहे हैं. यही कारण है कि अमेरिका के शेयर बाजार में लगातार गिरावट का सिलसिला चल रहा है। पिछले कारोबारी सत्र में भी अमेरिका प्रमुख शेयर बाजार में शामिल नेस्डेक पर 1.31 फीसदी का नुकसान दिखा था। वहीं अमेरिका की तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी लगातार गिरावट दिख रही थी। यूरोप के प्रमुख शेयर बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज पिछले सत्र में 3.33 फीसदी चढ़ा और फ्रांस के शेयर बाजार में 2.21 फीसदी की बढ़त दिखी. इसी तरह, लंदन का स्टॉक एक्सचेंज भी 1.86 फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ।

# ऐपल आईफोन 14 सीरीज की लॉन्चिंग अगले सप्ताह

**नईदिल्ली** । जानीमानी कंपनी ऐपल आईफोन 14 सीरीज़ की लॉन्चिंग अगले हफ्ते है। कंपनी ने घोषणा की है कि फोन को 17 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। इवेंट में आईफोन मॉडल के साथ-साथ नए आईपैड मॉडल और ऐपल वॉच सीरीज़ को भी पेश किया जाएगा। आईफोन 14 सीरीज़ को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही है, और अलग-अलग रिपोर्ट में इसे लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं।कहा जा रहा है कि इस सीरीज़ मेंआईफोन14,आईफोन14 मैक्स, आईफोन 14 प्रो और आईफोन 14 प्रो मेक्स पेश किए जाएंगे।हालांकि कुछ रिपोर्ट में ये भी सामने आया है कि इवेंट में आईफोन 14 मिनी भी पेश किया जाएगा।हाल ही में एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिससे फोन की कीमत को लेकर खुलासा हुआ है।एक रिपोर्ट के मुताबिकआईफोन13 के मुकाबले आईफोन 14 सस्ती कीमत में पेश किया जाएगा।हालांकि पिछली कई रिपोर्ट में ये सामने आया है कि आईफोन 14 की कीमत आईफोन 13 से ज़्यादा होगी। बता दें कि आईफोन 13 को यूएस में 799 डालर में, और भारत में इसके 128जीही स्टोरेज के लिए 79,990 रुपये की कीमत में पेश किया गया है।नई रिपोर्ट के मुताबिक आईफोन 14 को डालर 749 में पेश किया जाएगा, जो कि 50 डॉलर सस्ता होगा।लेकिन दूसरी तरफ ये कहना गलत नहीं होगा कि भारत में आईफोन की कीमत हमेशा अमेरिकी कीमत से ज़्यादा रही है, जिसके उच्च आयात शुल्क, 18 प्रतिशत जीएसटी जैसे कई कारण हैं.इसके अलावा इस बार आईफोन में जो खास फीचर देखे जाने की उम्मीद है वह ये है कि इस बार आईफोन 14 में सैटेलाइट फीचर मिल सकता है।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी

**मुंबई** । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी दिख रही है। सुबह सोना एमसीएक्स पर हरे निशान में ओपन होने के बाद 50,449 रुपए प्रति दस ग्राम पर ट्रेड कर रहा है। सोने में 81 रुपए की तेजी फिलहाल देखने को मिल रही है। पिछले हफ्ते सोने में



गिरावट के बाद इस सप्ताह की शुरुआत तेजी के साथ हुई है। वहीं चांदी की कीमत 198 रुपए की तेजी के साथ 53,220 रुपए प्रति किलो पर चल रही है।पिछले हफ्ते सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। एक वेबसाइट के मुताबिक पिछले कारोबारी सप्ताह की शुरुआत में 24 कैरेट सोना 51,265 था, जो शुक्रवार तक घटकर 50,584 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 54,316 रुपए से घटकर 52,472 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है।

# मारुति सुज़ुकी की इलेक्ट्रिक कार अपर सेगमेंट में होगी लॉन्च

**नई दिल्ली** । भारतीय बाजार में मारुति सुजुकी एक नई इलेक्ट्रिक कार लॉन्च कर सकती है। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आरसी भार्गव ने कहा कि अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार अपर सेगमेंट में लॉन्च की जाएगी। बीते दिनों से चर्चा थी कि मारुति सुजुकी की इलेक्ट्रिक कार किफायती हो सकती है। अंदाजा लगाया जा रहा था कि इसकी कीमत 7.5 लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच हो सकती है। भार्गव ने कहा, ÷आने वाली इलेक्ट्रिक कार की कीमत 10 लाख रुपये से ज्यादा होगी। ईवी उत्पादन गुजरात में सुजुकी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में होगा और हम उम्मीद करते हैं कि वे 2024-25 तक इन्हें भारतीय बाजार में उतार दिया जाएगा।÷भार्गव ने इलेक्ट्रिक कार की कीमत स्पष्ट नहीं की, लेकिन पुष्टि की कि पूरी तरह से भारत में बनने के बावजूद कार की कीमत 10 लाख रुपये से कम नहीं होगी। भार्गव का बयान ऐसे समय में आया है जब टाटा मोटर्स और महिंद्रा (एमएंडएम) जैसी वाहन निर्माता कंपनियां तेजी से अपने ईवी पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही हैं। एमजी ऑटो, हुंडई इंडिया और किआ इंडिया जैसी अन्य कंपनियां भी अपनी इलेक्ट्रिक कारों (ई-कार) को लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। कुल मिलाकर, अगले एक या दो साल में 25 इलेक्ट्रिक




कारें भारतीय बाजार में लॉन्च हो सकती हैं। सुजुकी मोटर कॉर्प गुजरात में बैटरी प्लांट लगा रही है।' मारुति सुजुकी की पैरेंट कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) ने हाल ही में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ई-एडवांस केमिस्ट्री सेल बैटरी के निर्माण के लिए गुजरात में एक प्लांट स्थापित करने के लिए 7,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 अगस्त को किया था।शेयरधारकों की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में भार्गव ने कहा, ÷हमें बाजार में अच्छी ग्राहक स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इन्हें सावधानीपूर्वक डिजाइन और बनाया गया है। बैटरी की वजह से काफी हद तक स्वदेशीकरण होगा।

## पॉपुलर सेडान कार हुंडई वर्ना को लॉन्च करने की तैयारी

**नई दिल्ली** । ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया जल्द ही अपनी पॉपुलर सेडान कार हुंडई वर्ना को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। हाल ही में इस कार को टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। नई पीढ़ी की हुंडई वर्ना कंपनी के पोर्टफोलियो में दूसरी कार होगी, जिसमें हाल ही में लॉन्च हुई हुंडई टूकसन के बाद एडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम एडीएएस जैसे सेफ्टी फीचर्स होंगे।जिस कार को टेस्टिंग के दौरान स्पॉट किया गया है, वह पूरी तरह से ढकी हुई थी। हालांकि, इसके सामने वाले बम्पर पर रडार को देखा गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपकमिंग कार अदास जैसे फीचर्स से लैस हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो होंडा सिटी ई-एचईवी के बाद एडीएएस से लैस कॉम्पैक्ट सेडान सेगमेंट में नई पीढ़ी की दूसरी कार होगी।नई जनरेशन वाली हुंडई वर्ना में पूरी तरह से नया डिजाइन होगा, जो बड़ीहुंडई एलांट्रा से प्रेरित होगा। उम्मीद है कि 2023 हुंडई वर्ना में निचले स्थान पर चिकना हेडलैम्प के साथ एक बड़ी ग्रिल अप फ्रंट की सुविधा होगी। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि होंडा सिटी, स्कोडा स्लाविया और वोक्सवैगन वर्टस को टक्कर देने के लिए नई हुंडई वर्ना मौजूदा मॉडल की तुलना में बड़ी होगी। उम्मीद करें कि नई कार में पीछे बैठने वाली पैसेंजर्स के लिए ज्यादा स्पेस देखने को मिलेगा।नई हुंडई वर्ना को डिजिटल डिस्प्ले, बोस साउंड सिस्टम और 10।25 इंच के बड़े टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम के अलावा नए गैजेट्स के साथ लोड किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा कार में आगे की सीटों के लिए एक वेंटिलेशन फीचर, एक वायरलेस फोन चार्जर और एक इलेक्ट्रिक सनरूफ के साथ आने की भी उम्मीद है, जैसा कि पुराने मॉडल में देखा गया है।यह इंजन 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ आएगा। उम्मीद है कि कीमत थोड़ी प्रीमियम होगी, क्योंकि कार सेफ्टी फीचर्स से भरी होगी। हम अनुमान लगाते हैं कि हुंडई कार की कीमत 9.99 लाख रुपये से 17.50 लाख रुपये रुपये के बीच रखेगी।

## निजी क्षेत्र के ई-कॉमर्स कारोबार में उतरेगी सार्वजनिक एमएसटीसी

**नई दिल्ली** । सरकारी स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स सेवा प्रदाता कंपनी एमएसटीसी की योजना अब निजी क्षेत्र की कंपनियों को सेवा देने की है। इसके लिए एमएसटीसी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा पॉवर, वेदांता और लार्सन एंड टूब्रो जैसी कंपनियों के साथ गठजोड़ किया है। एमएसटीसी का मानना है कि चालू वित्त वर्ष में अस्थिरता का माहौल बने रहने के आसार हैं, लिहाजा नई चुनौतियों से निपटने के लिए उसे नए उपाय विकसित करने होंगे। एमएसटीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरिंदर कुमार गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 में कहा कंपनी निजी क्षेत्र में भी अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने का प्रयास कर रही है, इसके साथ-साथ सरकारी और पीएसयू व्यवसाय को बनाए रखने की कोशिश कर रही है। गुप्ता ने कहा कि डिजिटल रूपांतरण एक अहम हिस्सा है और निकट भविष्य में संगठन के विकास में इसकी अहम भूमिका होगी।

# अलाया एफ जल्दी ही साउथ की रीमेक फिल्म यू-टर्न में आयेगी नजर



अपने हॉट फोटोग्राफ्स और अंदाज से ट्रेंड में छाई रहने वाली अलाया फर्नीचरवाला जल्दी ही साउथ की रीमेक फिल्म यू-टर्न में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म के लिए उन्हें एकता कपूर ने लीड रोल में चुना है.

कॉमेडी ड्रामा 'जवानी जानेमन' में अपनी शुरुआत करने के बाद अलाया एफ ने एकता कपूर के आगामी प्रोडक्शन 'यू-टर्न' को लीड करने के लिए तैयार हैं. यह फिल्म एक बेहतरीन थ्रिलर है जिसमें अलाया एफ मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्देशन नवोदित निर्देशक आरिफ खान ने किया है. यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साउथ फिल्म का रूपांतरण है, जिसमें सुपरस्टार सामंथा ने मुख्य भूमिका निभाई थी.

अलाया ने अभी अपने नाना कबीर बेदी के साथ एक इंस्टाग्राम लाइव भी किया था. जिसमें उन्होंने अपने नाना की बेस्ट सेलिंग ऑटोबायोग्राफी की सफलता की चर्चा की थी.

यू-टर्न का निर्माण कल्ट मूवीज द्वारा किया जाएगा, जो शोभा कपूर और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत नया डिवीजन है, जो नए कॉन्टेंट का उत्पादन करता है. दिलचस्प बात यह है कि अनुराग कश्यप की दोबारा और दिबाकर बनर्जी की एलएसडी 2 के बाद, यू-टर्न कल्ट मूवीज के तहत घोषित होने वाली तीसरी फिल्म है.

शहरी पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म की शूटिंग कल से शुरू हो जाएगी. हालांकि इस परियोजना के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है, निर्माताओं ने अभी एक वीडियो जारी किया है, जिसमें फिल्म की घोषणा की गई है और हमें थ्रिलर की एक झलक दी गई है. कहने की जरूरत नहीं है कि वीडियो एक सस्पेंस थ्रिलर का टोन सेट करता है, जो पहले से ही दर्शकों की रुचि को बढ़ा रहा है.

एकता कपूर ने कहा, अलाया अपनी पहली फिल्म में शानदार थीं. उनमें आत्मविश्वास और दर्शकों के साथ कनेक्ट करने की चालिटीज हैं जिसका मुझे विश्वास है. यू-टर्न आपको ट्विस्ट और टर्न की सवारी पर ले जाएगा और बेहतरीन उत्साह देगा. अलाया को बोर्ड पर पाकर मैं बहुत खुश हूं!

इसी भावना को साझा करते हुए, अलाया एफ ने कहा, मेरे करियर की शुरुआत में एकता मैम के साथ सहयोग करने का यह एक बेहद रोमांचक अवसर है, विशेष रूप से इस तरह के एक दिलचस्प प्रोजेक्ट के लिए. मैं इस तरह की दिलचस्प कहानी को लीड करने के लिए जिम्मेदार महसूस करती हूं और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए काफी खुश हूं.

नवोदित निर्देशक आरिफ खान, जिन्होंने गुंजन सक्सेना, 2 स्टेट्स, स्टूडेंट ऑफ द ईयर सहित दस से अधिक फिल्मों में एसिस्ट किया है, इस नए जमाने की थ्रिलर में एक नया आयाम लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं!

## फिल्म गणपत से बाहर नोरा फतेही, नुपुर सैनन की हो सकती है एंट्री

यह तो सभी को पता है कि फिल्म गणपत में टाइगर श्रॉफ अभिनेत्री कृति सैनन के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। कृति फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, वहीं, फिल्म की सेकेंड लीड एक्ट्रेस के लिए पिछले कई दिनों से अभिनेत्री नोरा फतेही का सामने आ रहा था। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक नोरा के प्रशंसकों का दिल टूट जाएगा। दरअसल, नोरा इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। आइए जानते हैं पूरी खबर। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म गणपत से नोरा का पत्ता कट चुका है। निर्माता जैकी भगनानी बेशक इस फिल्म को लेकर नोरा के संपर्क में थे, लेकिन नोरा की पीआर टीम ने काम बिगाड़ दिया। जैसे ही यह खबर मीडिया में आई, फिल्म की प्रोडक्शन टीम नोरा से खफा हो गई। जब प्रोड्यूसर को पता चला कि नोरा की टीम ने मीडिया को इस बारे में जानकारी दी तो उन्होंने अभिनेत्री को बाहर का रास्ता दिखा दिया। निर्माता दूसरी लीड हीरोइन के लिए अब एक नए



चेहरे की तलाश में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म के लिए कृति की बहन नुपुर को कास्ट किया जा सकता है। निर्माताओं को इस किरदार के लिए नुपुर ठीक लग रही हैं। अगर नुपुर के साथ बात बन जाती है तो बेशक यह फिल्म उनके फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगी और होगी भी क्यों नहीं, इसके जरिए सैनन सिस्टर्स पहली बार साथ जो दिखेंगी। गणपत का निर्देशन विकास बहल कर रहे हैं और जैकी भगनानी इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म की कहानी बॉक्सिंग रिंग के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में टाइगर बॉक्सर बने हैं। गणपत दो भागों में बनेगी। फिल्म का नाम गणपत इसलिए रखा गया है क्योंकि बॉक्सर बने टाइगर फिल्म में गणपति के भक्त बताए गए हैं। कृति फिल्म के दोनों पार्ट में दिखाई देंगी, वहीं हमेशा की तरह टाइगर गणपत में भी धांसू एक्शन करते दिखेंगे। नोरा इन दिनों दो फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। एक है अजय देवगन की फिल्म भुज: द प्राइड ऑफ इंडिया और दूसरी है सत्यमेव जयते 2। दोनों ही फिल्मों में नोरा एक खास भूमिका निभाने वाली है।

# आहना कुमरा ने लगाया हॉटनेस का तड़का



एक्ट्रेस अहाना कुमरा फैंस के बीच अपनी नायाब एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं. अहाना अपने ग्लैमरस लुक के जरिए भी खूब छाई रहती हैं. अहाना आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज शेयर करके फैंस के दिलों को घायल करती रहती हैं. हाल में अहाना ने एक बार फिर से बोल्ड फोटो शेयर करके फैंस के बीच सनसनी मचा दी है. फिल्मों में अपने बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस अहाना कुमरा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. ऐसे में अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की है. खास बात ये है, एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को पसंद भी आ रहा है. अहाना ने जो फोटो शेयर की है, उसमें वह फिरोजी कलर की प्रिंटेड बिकिनी में दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस किसी पत्थर पर खड़ी दिखाई दे रही हैं. इस दौरान एक्ट्रेस अपने हाथों से बालों को संवारती दिख रही हैं. फोटो शेयर करके एक्ट्रेस ने लिखा है कि एक सास एक दिन मूल बातें दूर रखता हैज् अहाना की ये फोटो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. इस फोटो पर फैंस तरह तरह से लाइक और कमेंट कर रहे हैं. फैंस को एक्ट्रेस का अंदाज काफी ज्यादा पसंद आ रहा है. फैंस के साथ ही सेलेब्स को एक्ट्रेस का बोल्ड अंदाज भा रहा है. एक्ट्रेस के 1.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं. अहाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो आहना ने हाल ही में 'इंडिया लॉकडाउन' की शूटिंग पूरी कर ली है. इस फिल्म का निर्देशन मधुर भंडारकर कर रहे हैं. जबकि हाल ही में वेब सीरीज सैंडविच फॉरएवर में नजर आई थीं. अहाना को असली पहचान लिस्ट इन एक बुर्का से मिली थी. इस फिल्म में एक्ट्रेस का बोल्ड लुक दिखाई दिया था. वैसे एक्ट्रेस अमिताभ बच्चन के साथ युद्ध सीरियल में दिखाई दी थी. अहाना कुमरा ने फिल्मों के साथ वेबसीरीज आदि में भी अपनी छाप छोड़ी है. आपको बता दें कि अहाना ने बतौर फिल्म एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में कदम सोना स्पा से रखा था हालांकि एक्ट्रेस को इससे कोई खास सफलता नहीं मिली थी. इस फिल्म के बाद भी वह कई और फिल्मों में भी नजर आईं थीं. अहाना को कुछ वक्त पहले रिलीज द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर में फैंस ने देखा था. इस फिल्म में एक्ट्रेस प्रियंका गाँधी की भूमिका में दिखाई दी थीं।

# इरफान खान के बेटे बाबिल ने एक्टिंग पर फोकस करने के लिए छोड़ा कॉलेज



दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान अपनी डेब्यू फिल्म काला को लेकर चर्चा में हैं। इरफान के निधन के बाद प्रशंसकों को बाबिल से काफी उम्मीदें हैं। अब बाबिल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बहुत आश्चर्य में डालने वाली जानकारी शेयर की है। बाबिल ने सोशल मीडिया पर फैंस को बताया कि एक्टिंग पर फोकस करने के लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी है। बाबिल लंदन में एक्टिंग स्कूल से अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहे थे।

बाबिल ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, मैं आप सभी को बहुत याद करूंगा मेरे प्यारे दोस्तों। मेरा यहां मुंबई में छोटा सर्कल है, कुल मिलाकर दो-तीन दोस्त हैं। तुम लोगों ने मुझे अनजान जगह पर घर दिया और महसूस कराया कि वह मेरा ही है। धन्यवाद, आपको प्यार। उन्होंने आगे लिखा, आज फिल्म बीए ड्रॉप कर रहा हूं, 120 से ज्यादा क्रेडिट्स के साथ क्योंकि अब मैं अपना पूरा फोकस एक्टिंग पर दूंगा। गुड बाय वेस्टमिंस्टर यूनिवर्सिटी। बाबिल सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह अक्सर अपने पिता और दिवंगत अभिनेता इफरान की यादों को साझा करते रहते हैं। इरफान 29 अप्रैल, 2020 को कैंसर के कारण जिंदगी की जंग हार गए थे। पिछले हफ्ते भी बाबिल ने अपने पिता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। वह अपनी मां से जुड़े भावनात्मक पलों को भी साझा करते रहते हैं। बाबिल अभी दो फिल्मों के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। बाबिल का फिल्मी सफर काला से शुरू हो सकता है। इस फिल्म में उनके साथ चर्चित अभिनेत्री तृप्ति डिमरी और स्वास्तिका मुखर्जी भी नजर आएंगी। यह फिल्म अनुष्का शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी क्लीन स्लेट फिल्म्स के बैनर तले बन रही है।

## डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है पुनीत इस्सर के बेटे सिद्धांत इस्सर

धारावाहिक महाभारत में दुर्योधन बने पुनीत इस्सर के बेटे सिद्धांत इस्सर इन दिनों चर्चा में हैं और हों भी क्यों ना, वह डिजिटल जगत में जो कदम रख रहे हैं। पुनीत, दीपिका चखलिया अभिनीत वेब सीरीज जय मां वैष्णो देवी से ओटीटी जगत की ओर रुख कर रहे हैं। इसके अलावा सिद्धांत एक दूसरी वेब सीरीज में भी नजर आने वाले हैं। हाल ही में उन्होंने इस बारे में मीडिया से बात की। आइए जानते हैं सिद्धांत ने क्या कहा। सिद्धांत ने कहा, मैं अपनी पहली वेब सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इसमें मैं भगवान राम के अलग-अलग रूपों में नजर आऊंगा। यह वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है। इसके लिए मैं आजकल नाइट शिफ्ट कर रहा हूं। बता दें कि इस वेब सीरीज का निर्माण सागर आर्ट्स प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले किया जा रहा है। इस सीरीज से रामायण की सीता उर्फ दीपिका चिखलिया भी अपना डिजिटल डेब्यू कर रही हैं। सिद्धांत की दूसरी वेब सीरीज टाइटल रोल है। इस पर उन्होंने कहा, मैं इसमें मुख्य खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। यह या तो इस महीने के अंत तक या फिर अगले महीने तक जरूर रिलीज हो जाएगी। उन्होंने कहा, जैसे मधुर भंडारकर ने पेज 3 और फैशन के जरिए फिल्मी दुनिया की घिनौनी सच्चाई से दुनिया को अवगत कराया था, वैसे ही टाइटल रोल के जरिए टीवी इंडस्ट्री की गंदी और काली सच्चाई दुनिया के सामने आने वाली है। सिद्धांत इससे पहले दो शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन भी कर चुके हैं। वह लंबे समय से थिएटर की दुनिया में सक्रिय हैं। भारत के सबसे सफल लाइव थिएटर नाटक महाभारत- एन एपिक टेल में सिद्धांत इस्सर ने दुर्योधन के रूप में काम किया है, जिसके लिए उन्हें काफी सराहा भी गया है। सिद्धांत ने फिल्म लास्ट डील से बॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने अपने दम पर यह फिल्म हासिल की थी। सिद्धांत ने खुद ही जाकर ऑडिशन दिया था।

# फिटनेस ट्रेनर के तौर पर बनाएं करियर



आज जिम, बड़े होटल, हेल्थ क्लब फिटनेस सेंटर, स्पा, टूरिस्ट रिसॉर्ट आदि में फिटनेस ट्रेनर की मांग है। कुछ अनुभव के साथ आप अपना फिटनेस सेंटर शुरू कर सकते हैं ट्रेनर या कोच की मांग बहुत बड़ी है

आज जिम, बड़े होटल, हेल्थ क्लब, फिटनेस सेंटर, स्पा, टूरिस्ट रिसॉर्ट जैसी कई जगहों पर फिटनेस ट्रेनर की मांग है। फिटनेस उद्योग आज फलफूल रहा है। भारत में आज फिटनेस उद्योग का 2,000 करोड़ रुपये से अधिक। हाई टेक जिम और हेल्थ क्लब ने इसे युवाओं के बीच और अधिक लोकप्रिय बना दिया है। कोर्स पूरा करने के बाद, आप इनमें से कोई भी करियर चुन सकते हैं।

**एथलीट ट्रेनर-**
**आहार विशेषज्ञ**
**खेल का कोच**
**भौतिक चिकित्सक**

काम की प्रकृति ङ्कएक फिटनेस ट्रेनर के रूप में, आपको एरोबिक्स, लचीलेपन, प्रशिक्षण, बीएमआई, और शारीरिक स्वास्थ्य सहित प्रशिक्षण से संबंधित सभी उपकरणों का ज्ञान होना चाहिए, ताकि लोगों को पढ़ाना और सूचित करना आसान हो। आप उनके लिए एक अच्छी डाइट सेट कर सकते हैं। फिटनेस ट्रेनर मूल रूप से फिटनेस पोषण, वजन प्रबंधन, तनाव में कमी, स्वास्थ्य जोखिम प्रबंधन आदि पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है। एक एरोबिक्स प्रशिक्षक के रूप में, आप व्यायाम सत्र में एरोबिक्स, स्ट्रेचिंग और मांसपेशियों के व्यायाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं। खेल जगत में एथलीट का स्टैमिना बढ़ाने के लिए आप जॉगिंग, वेट लिफ्टिंग, पुशअप्स जैसी एक्सरसाइज पर ध्यान दें। अगर आप प्राकृतिक चिकित्सक हैं तो व्यायाम के जरिए रोग मुक्त रहने के गुर भी सीखेंगे। एक फिटनेस ट्रेनर या ट्रेनर के रूप में आपको विभिन्न प्रकार के लोगों के संपर्क में रहने के लिए अच्छा बोलने का कौशल और व्यावहारिक ज्ञान होना चाहिए।

# रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों का इस तरह से रखें ध्यान, नहीं होंगे जल्दी खराब



रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों को अन्य कपड़ों से अधिक धोया जाता है, इसलिए इनमें रंग फीका पड़ने, सिकुड़ने या कपड़े के आकार में बदलाव आने, धागों के ढीले होने या छोटे-छोटे छेद होने जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप अपने रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों को इन समस्याओं से बचाकर रखना चाहते हैं तो इन्हें धोने से लेकर इनकी देखभाल का सही तरीका अपनाएं। आइए आज आपको इसी से जुड़ी कुछ टिप्स देते हैं।

**कपड़ों को उल्टा करके धोएं:** अगर आप यह चाहते हैं कि आपके रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों का रंग फीका न पड़े और न ही कोई अन्य समस्या आए तो इसके लिए उन्हें उल्टा करके धोएं। ऐसा करने से कपड़ों के बाहरी हिस्से को किसी तरह का नुकसान नहीं होता। इस तरह कपड़े धोने का एक लाभ यह भी है कि कपड़ों की सिलाई और रंग आदि यूं ही बरकरार रहती है और यह प्रिंट वाले कपड़ों को भी फीका पड़ने से बचाता है।

**एक अच्छे फैब्रिक कंडीशनर का इस्तेमाल करें:** रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों की उम्र बढ़ाने के लिए एक अच्छे फैब्रिक कंडीशनर का इस्तेमाल करना लाभदायक साबित हो सकता है। फैब्रिक कंडीशनर एक सुरक्षात्मक परत बनाकर कपड़ों को कई तरह के नुकसान से बचाने में मदद करता है। इतना ही नहीं, यह कपड़ों के रंग को भी लंबे समय तक यूं ही बनाए रखता है, इसलिए रोजाना के कपड़ों को धोने के लिए एक अच्छे फैब्रिक कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें।

**कपड़ों को अच्छे सुखाना है जरूरी:** जब भी आप अपने कपड़ों को धोएं तो उन्हें अच्छे से धूप में सुखा लें क्योंकि ऐसा करने से कपड़ों में नमी नहीं आएगी। दरअसल, नमी के कारण भी कपड़े कीटाणुओं के संपर्क में आ सकते हैं, इसलिए इस बात पर विशेष ध्यान दें। आप चाहें तो इसके लिए मशीन ड्रायर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन ड्रायर के बाद भी कपड़ों को धूप लगाना जरूरी है। इसके बाद ही कपड़ों को फोल्ड करके अलमारी में रखें।

**कपड़ों को सही तरीके से स्टोर करें:** आपको इस बारे में पता होना चाहिए कि आप जिस तरह से अपने कपड़ों को स्टोर करते हैं, उससे उनकी उम्र पर बहुत फर्क पड़ता है। उदाहरण के लिए भारी कपड़ों को मोड़ने और टांगने की बजाय उन्हें एक अलग शेल्फ में रखें ताकि उनका आकार खराब न हो। इसी तरह तार या प्लास्टिक के हैंगर की बजाय लकड़ी के हैंगर्स का इस्तेमाल कपड़ों को टांगने के लिए करें ताकि कपड़ों का आकार सही रहें।

### जानकारी

**केयर लेबल को ध्यान से पढ़ें:** अगर आप चाहते हैं कि आपके रोजाना पहने जाने वाले कपड़े हमेशा नए जैसे लगें तो बेहतर होगा कि आप उन पर लगे लेबल के दिशा-निर्देशों को अच्छे से पढ़ें और उसी के मुताबिक कपड़ों की सफाई और रख-रखाव करें।

## रेस 4 की शूटिंग साल के अंत में होगी शुरू, स्क्रिप्टिंग के बाद फाइनल होगी कास्ट

रेस भारत की सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी रही है। इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों से दर्शकों का खास जुड़ाव रहा है। इस सीरीज की फिल्मों में जबरदस्त एक्शन और रोमांच देखने को मिला है। फ्रेंचाइजी की आखिरी फिल्म में अभिनेता सलमान खान को मुख्य भूमिका में देखा गया था। काफी समय से रेस 4 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म था। अब खबर है कि रेस 4 की शूटिंग इस साल के अंत में शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रेस 4 के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। अभी यह फिल्म स्क्रिप्टिंग स्टेज में है। फिल्म की पटकथा को लेखक शिराज अहमद द्वारा लिखा जा रहा है। सूत्र ने बताया, शिराज जिन्होंने इस फ्रेंचाइजी की अन्य तीन फिल्मों में काम किया है, वह वर्तमान में इसके चौथे भाग पर काम कर रहे हैं। प्रोड्यूसर रमेश तौरानी जल्द ही फिल्म के लिए निर्देशक ढूंढ लेंगे और स्क्रिप्ट फाइनल होने पर ही कास्ट को चुना जाएगा। सूत्र ने बताया कि फिल्म की शूटिंग साल के अंत में शुरू होगी। फिल्म की शूटिंग देश में मौजूदा महामारी के हालात पर भी निर्भर करेगा। अभी इसकी जानकारी नहीं है कि रेस 3 में दिखने वाले सलमान और रेस 1 व रेस 2 में नजर आने वाले सैफ अली खान फिल्म के चौथे भाग में नजर आएंगे या नहीं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रेस 4 में सलमान, सुनील शेट्टी और सैफ नजर आ सकते हैं।

## पाक की फितरत

लगता है कि पाकिस्तान के शासकों को अपने नागरिकों से ज्यादा कश्मीर की चिंता है। तभी तो बाढ़ से घिरे अपने देश को उसके हाल पर छोड़ प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कश्मीर का राग अलाप रहे हैं। वह भी तब जब पाकिस्तान में बाढ़ से हालात बेकाबू हो चुके हैं। 10 दिनों की बारिश के कारण पाकिस्तान में एक तिहाई हिस्सा डूब चुका है। 3.3 करोड़ से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान की सरकार के लिए सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि उसके पास इस विनाशकारी आपदा से निपटने के लिए न पैसा है न ही राशन। पाक के वित्त मंत्री ने कहा कि वे भारत से खाद्य आयात पर विचार कर सकते हैं। दूसरी ओर पाक पीएम शहबाज शरीफ ने एक बार फिर जम्मू कश्मीर का राग अलापते हुए भारत पर अनर्गल आरोप लगाते हुए शरीफ ने कहा भारत में नरसंहार चल रहा है। धारा 370 हटाकर भारत ने कश्मीर पर कब्जा कर लिया है। विनाशकारी बाढ़ में मदद के लिए दुनिया की तरफ टकटकी लगाए पाक के लिए राहत वाली बात तब सामने आई जब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करते हुए पड़ोसी मुल्क में प्राकृतिक आपदा पर दुख व्यक्त किया और कहा कि आपदा से प्रभावित लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी के इस बयान से दोनों देशों के बीच संभावित सहयोग की उम्मीद जगी है। भारत सरकार पाकिस्तान को मदद मुहैया कराने के लिए हाई लेवल पर मीटिंग भी कर रही है लेकिन, इन उम्मीदों को झटका पाक पीएम शहबाज शरीफ के बयान से लगा। खाद्य आयात और भारत के साथ व्यापार को फिर से शुरू करने पर सवालों पर उन्होंने कहा, भारत के साथ व्यापार करने में कोई समस्या नहीं होगी लेकिन वहां नरसंहार चल रहा है और कश्मीरियों को अधिकारों से वंचित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने और तत्कालीन राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के भारत के 2019 के फैसले का जिक्र करते हुए शरीफ ने कहा अनुच्छेद 370 को समाप्त करके कश्मीर को जबरन कब्जा कर लिया गया है। एक तरफ शहबाज कहते हैं, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकर बात करने के लिए तैयार हूं। हम युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकते। हमें अपने-अपने देशों में गरीबी को कम करने के लिए अपने अल्प संसाधनों को समर्पित करना होगा। वहीं दूसरी तरफ बोले कि हम इन मुद्दों को हल किए बिना शांति से नहीं रह सकते। शहबाज की दोनों बातों से साफ है कि वे मुसीबत से घिरे हैं और भारत की मदद लेने से परहेज नहीं है, साथ ही कश्मीर का मुद्दा उठाकर वे भारत की मदद को अहसान मानने को तैयार नहीं हैं। वे मदद भी ठसक के साथ लेना चाहते हैं। वे यह भूल गए कि भारतीय परंपरा में पड़ोसी कितना भी जाहिल या अड़ियल क्यों न हो, मुसीबत में उसे अकेला नहीं छोड़ा जाता। सो, शहबाज कश्मीर को छोड़ अपने नागरिकों की चिंता करें। अब रही बात भारत की तो भारत का शुरू से दृढ़ मत रहा है कि कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारत हमेशा से कहता आया है कि कश्मीर मसले पर वह पाकिस्तान के साथ बातचीत को हमेशा तैयार है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले वह सीमापार आतंकवाद को बंद करे। पाकिस्तान की सेना कश्मीर को भारत के खिलाफ बड़े हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति पर चलती आई है। पाकिस्तान का इतिहास बताता है कि अब तक जितनी भी निर्वाचित सरकारें सत्ता में रहीं या जो सैन्य शासक रहे, कश्मीर पर सबका एक ही रुख रहा है। दरअसल, अभी तक भारत के प्रति पाकिस्तान के रवैए में कोई बड़ा सकारात्मक बदलाव नजर नहीं आया है।

# विक्रांत से कई गुना बढ़ेगी समंदर में भारत की ताकत

योगेश कुमार गोयल

इतिहास के पन्नों पर 2 सितम्बर की तारीख भारतीय नौसेना के लिए स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी क्योंकि 2 सितम्बर 2022 को नौसेना को स्वदेश में निर्मित देश का अपना पहला स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर मिल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के इस पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत को नौसेना को सौंप दिया गया है। इस मौके पर उन्होंने नए नौसेना ध्वज का भी अनावरण किया, जो छत्रपति वीर शिवाजी को समर्पित है, जिनकी समुद्री ताकत से दुश्मन कांपते थे। नए ध्वज के बारे में प्रधानमंत्री का कहना है कि नौसेना के झंडे पर अभी तक गुलामी की तस्वीर थी, जिसे अब हटा दिया गया है और नया ध्वज नौसेना के बल और आत्मसम्मान को बल देगा। इसमें पहले नौसेना के ध्वज में लाल क्रॉस का निशान होता था, जिसे हटाते हुए ध्वज में अब बायीं ओर तिरंगा तथा दायीं ओर अशोक चक्र का चिह्न अंकित किया गया है और इसके नीचे लिखा है 'शं नो वरुणः' यानी वरुण हम सबके लिए शुभ हों।

आईएनएस विक्रांत के समुद्र में जलावतरण के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी का इस विमानवाहक पोत के बारे में कहना था कि यह सशक्त भारत की शक्तिशाली तस्वीर है और यह बताता है कि मन में ठान लो तो कुछ भी असंभव नहीं है। दरअसल एक ओर जहां भारत का चीन के साथ लंबे समय से सीमा विवाद जारी है, वहीं दूसरी ओर रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से वैश्विक स्तर पर तेजी से समीकरण बदल रहे हैं, ऐसे में भारत के लिए रक्षा के हर मोर्चे पर ताकतवर बनना आज समय की सबसे बड़ी मांग है और कहना गलत नहीं होगा कि नौसेना के बेड़े में आईएनएस विक्रांत के शामिल होने के बाद समंदर में भारत की ताकत में कई गुना वृद्धि हो गई है। विक्रांत को लेकर प्रधानमंत्री का कहना है कि आईएनएस विक्रांत ने भारत को नए भरोसे से भर दिया है और यह न केवल भारत के लिए खास है बल्कि गौरवमयी भी है और यह केवल एक वारशिप नहीं है बल्कि समंदर में तैरता शहर है, जो 21वीं सदी के भारत के कठिन परिश्रम, कौशल और कर्मठता का प्रमाण है।

स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत का निर्माण कर भारत आज उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जो अपनी तकनीक से ऐसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर बना सकते हैं। भारत से पहले यह क्षमता दुनिया के केवल पांच देशों अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और इंग्लैंड में ही थी। भारत के पहले विमानवाहक पोत का नाम आईएनएस विक्रांत था और उसी को श्रद्धांजलि देने के लिए ही भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत का नाम भी 'आईएनएस विक्रांत' ही रखा गया है। पुराना आईएनएस विक्रांत ब्रिटेन से खरीदा गया युद्धपोत था, जिसे भारतीय नौसेना में 4 मार्च 1961 में कमीशन किया गया था, जिसने 1971 की जंग में अपने सीहॉक लड़ाकू विमानों से बांग्लादेश के चिटगांव, कॉक्स बाजार और खुलना में दुश्मन के ठिकानों को तबाह कर दिया था। 31 जनवरी 1997 को उसे नौसेना से रिटायर कर दिया गया था और 25 साल से भी ज्यादा लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर से आईएनएस विक्रांत का पूर्ण स्वदेशी अवतार में पुनर्जन्म हुआ है।

45 हजार टन के डिस्प्लेसमेंट वाला आईएनएस विक्रांत 52 किलामीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से समंदर में दौड़ सकता है। कोचीन शिपयार्ड में निर्मित किए गए आईएनएस विक्रांत की लंबाई 860 फीट, बीम 203 फीट, गहराई 84 फीट और चौड़ाई 203 फीट है। इसके ऊपर 30 से 35 विमानों को तैनात किया जा सकता है। बराक मिसाइलों से लैस इस एयरक्राफ्ट कैरियर पर ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक मिसाइलों को भी तैनात किया जा सकता है, जिसके लिए इंटीग्रेशन का कार्य किया जा रहा है। आईएनएस विक्रांत वास्तव में स्वदेशी सामर्थ्य, स्वदेशी संसाधन और स्वदेशी कौशल का प्रतीक है।



20 हजार करोड़ रुपये की लागत से 76 फीसदी स्वदेशी उपकरणों से निर्मित दो फुटबॉल ग्राउंड के बराबर आईएनएस विक्रांत मौजूदा समय में देश का दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। इससे पहले विदेश से खरीदा गया आईएनएस विक्रमादित्य नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल है। आईएनएस विक्रांत 20 मिग-29 फाइटर जेट्स ले जाने में सक्षम है और यह हिंद महासागर में भारतीय नौसेना का दबदबा बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस एयरक्राफ्ट कैरियर की स्ट्राइक रेंज 1500 किलोमीटर है जबकि इसकी सेलिंग रेंज 15 हजार किलोमीटर है। यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट्स, मिसाइलों और फाइटर जेट्स को मार गिराने की अद्भुत क्षमता रखता है। 1.1 लाख हॉर्सपावर की ताकत देने के लिए इसमें जनरल इलेक्ट्रिक टरबाइन लगाए गए हैं। आईएनएस विक्रांत में 14 डेक्स का निर्माण किया गया है, जिनमें विमानों के साथ ही 1700 से ज्यादा क्रू मेंबर्स की तैनाती की जा सकती है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर में मैस, जिम, अस्पताल के अलावा विमानों में होने वाली छोटी-मोटी मरम्मत किए जाने जैसी सुविधाएं भी हैं। इसमें जितनी बिजली पैदा होती है, जिससे पांच हजार घरों को रोशन किया जा सकता है। इसमें 76 एमएम की 4 ओटोब्रेडा ड्यूल पर्पज कैनन और 4 एके630 प्वाइंट डिफेंस सिस्टम गन लगाई गई हैं। चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर को चीन का सबसे ताकतवर एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है और अगर भारत के आईएनएस विक्रांत की उससे तुलना करें तो यह चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर को कड़ी टक्कर देने में सक्षम है। फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर की लंबाई 300 मीटर और चौड़ाई 78 मीटर है जबकि उसका डिस्प्लेसमेंट 80 हजार टन है, जो चीन के पुराने एयरक्राफ्ट कैरियर्स लियाओनिंग और शैनडोंग के मुकाबले बड़ा है। इन एयरक्राफ्ट कैरियर में डीजल गैस टरबाइन इंजन लगे हैं। अमेरिकी युद्धपोतों की तर्ज पर फुजियान में कैटापॉल्ट एसिस्टेड टेक ऑफ अरेस्टेड रिकवरी का इस्तेमाल किया गया है। फुजियान पर एक समय में 36 से ज्यादा विमानों को तैनात किया जा सकता है जबकि आईएनएस विक्रांत पर भी 30 से 35 विमान तैनात किए जा सकते हैं। यूएस गेराल्ड आर फोर्ड अमेरिका का सबसे आधुनिक विमानवाहक पोत है, जिसे 22 जुलाई 2017 को अमेरिकी नौसेना में कमीशन किया गया था। गेराल्ड आर फोर्ड 337 मीटर लंबा है, जो समुद्र में 56 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चल सकता है। विमानवाहक पोत वास्तव में समुद्र में चलता-फिरता एक हवाई अड्डा होता है, जहां से विमानों को ऑपरेट किया जा सकता है और अलग-अलग तरीके के विमान इस पोत के डेक पर उतर सकते हैं, उड़ सकते हैं, ईंधन भर सकते हैं। विमानों को विमानवाहक पोत पर हथियारों से लैस किया जा सकता है और समुद्र में काफी दूर तक हवाई क्षमता को बनाए रखा जा सकता है। दुश्मन के इलाके में नेवल ब्लॉकेज लगाने में भी विमानवाहक पोत बड़ा योगदान देते हैं। जहां तक आईएनएस विक्रांत की बात है तो 2009 में इसका निर्माण शुरू हुआ था और 29 अगस्त 2011 को इसका ढ़ांचा बनकर तैयार हुआ। 12 अगस्त 2013 को इसे लांच किया गया और 4 अगस्त 2021 को इसे पहली बार समुद्र में उतारा गया।

## पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं। इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है। यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना घोर अज्ञान मनुष्य को पशुओं के वध की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर ने अनेक अच्छी वस्तुएं प्रदान की हैं।

## भारत में क्यों है मंदी की शून्य सम्भावना

प्रहलाद सबनानी

अभी हाल ही में एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश प्रबंधन एवं वित्तीय सेवा कम्पनी मोर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने एक प्रतिवेदन जारी कर कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत एशिया में सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बन कर उभरने जा रहा है। इनके अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल कर लेगी जो विश्व में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक होगी एवं भारत का एशियाई एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास दर में क्रमशः 28 प्रतिशत एवं 22 प्रतिशत का योगदान रहने जा रहा है। भारत में सुदृढ़ आर्थिक मांग उत्पन्न होने की प्रबल सम्भावनाएं मौजूद है। साथ ही, आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी तेजी से लागू किये जा रहे हैं। देश में पर्याप्त मात्रा में युवा श्रम शक्ति मौजूद है एवं व्यापार में लगातार निवेश बढ़ रहा है। अभी हाल ही में ब्लूम्बर्ग द्वारा सम्पन किए गए एक सरवे के अनुसार कोविड महामारी एवं रूस युक्रेन युद्ध के बीच भारत में मंदी की शून्य सम्भावना है जबकि कई विकसित एवं विकासशील देश भी मंदी की परेशानी से जूझ रहे है। यह भारत के लिए एक अच्छी खबर कही जा सकती है।

दरअसल भारत ने पिछले 8 वर्ष के दौरान आर्थिक क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए है जिनका प्रभाव अब भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जो क्षेत्र अभी तक लगभग पूर्णतः आयात पर निर्भर थे, उन क्षेत्रों से भी निर्यात अब बहुत तेज गति पकड़ रहा है। जैसे कि खिलोना उद्योग, सुरक्षा उपकरण निर्माण उद्योग, फार्मा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटो उद्योग आदि आदि।



भारतीय खिलौना उद्योग से पूरी दुनिया भर को निर्यात किया जा रहा है और अब भारतीय खिलौना बाजार वैश्विक आकार लेता दिखाई दे रहा है। उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय खिलौना बाजार वर्ष 2024-25 तक बढ़कर 200 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पिछले 3 वर्षों में भारत से खिलौना निर्यात में 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पहले भारत घरेलू स्तर पर तैयार खिलौनों का सिर्फ लगभग 400 करोड़ रुपए का निर्यात करता था, लेकिन अब ये आंकड़ा 2600 करोड़ रुपये को पार कर गया है।

देश की रक्षा एजेंसियों, विशेष रूप से डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन), द्वारा भारत को रक्षा उपकरणों के निर्यातक देशों की श्रेणी में ऊपर लाने की लगातार कोशिश की जा रही हैं एवं अब इसके सुखद परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। भारत जल्द ही दुनिया के कई देशों यथा फिलीपींस, वियतनाम एवं इंडोनेशिया आदि को ब्रह्मोस मिसाइल भी निर्यात करने की तैयारी कर रहा है। कुछ अन्य देशों जैसे सउदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात एवं दक्षिण अफ्रीका आदि ने भी भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। ध्वनि की रफ्तार से तीन गुना तेज, माक 3 की गति से चलने वाली और 290 किलोमीटर की रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइलें भारत-रूस सैन्य सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। जमीन, आकाश और समुद्र स्थित किसी भी लांच उपकरण से छोड़े जा सकने वाले ब्रह्मोस की खूबी यह है कि यह अपनी तरह का अकेला क्रूज मिसाइल है। आज भारत से 84 से अधिक देशों को रक्षा उपकरणों का निर्यात किया जा रहा है। इस सूची में कतर, लेबनान, इराक, इक्वाडोर और जापान जैसे देश भी शामिल हैं जिन्हें भारत द्वारा बॉडी प्रोटेक्टिंग उपकरण, आदि निर्यात किए जा रहे हैं। 1970 के दशक में अस्तित्व में आया भारत का सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग आज देश और दुनिया में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। इंडस्ट्री बॉडी नेस्कॉम की 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष आईटी सेक्टर में 15.5 प्रतिशत की विकास दर दृष्टिगोचर होने की पूरी सम्भावना है। आज आईटी सेक्टर में करीब 50 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला हुआ है। जिसमें लगभग 18 लाख महिलाएं शामिल हैं और आईटी सेक्टर का आकार 200 अरब डॉलर से भी अधिक का है। भारत का आईटी सेक्टर जिस तरह से आगे बढ़ रहा है, वो दिन दूर नहीं जब दुनिया की सबसे बड़ी आईटी कंपनियों में बस भारत की ही कंपनियों का नाम शुमार होगा।

## स्वतंत्रता और विभाजन की पीड़ा

### सूडोकु नवताल- 6184

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल 6183 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

डॉ हिदायत अहमद खान

हम भारतियों ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर धूम-धाम से अमृत महोत्सव मनाया। आजाद हिदुस्तान के जश्न का यह सिलसिला रुकना नहीं चाहिये। प्रत्येक भारतीय के लिए यह न सिर्फ खुशी की बात है बल्कि गौरव की भी बात है कि आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत अपने विचार रख पा रहे हैं। बिना किसी भेद-भाव के जीवनयापन कर पा रहे हैं। विकास के सौपान रचने में कोई कसर वाकि नहीं रख रहे हैं। इसी के साथ भारत को दुनियाँ में एक अलग विश्वगुरू की पहचान दिलवाने का बीड़ा उठा रखा है।यह सपना कैसे पूरा हो इस पर भी हम भारतीयजन लगातार मेहनत कर रहे हैं।

इस उजली सच्चाई में हमारी स्वतंत्रता के साथ एक कटु यथार्थ भी जुड़ा हुआ है और वह दर्द, वह पीड़ा है विभाजन की। दरअसल 15 अगस्त सन 1947 में भारत की स्वतंत्रता विभाजन की एक ऐसी पीड़ा लेकर आई जिसका दंश आज भी हम भारतवासी महसूस कर रहे हैं। अभिन्न भारत का पाकिस्तान के रूप में हुआ विभाजन महज भौगोलिक सीमाओं तक ही सीमित नहीं था और ना ही सियासी जमावट का एक खेल मात्र था, बल्कि इसने इंसानियत का भी खुलेआम कत्ल किया था। इसने इंसानी दिलों के टुकड़े कर दिए थे। इसने नफरत की वो आंधियां चलाई थीं, जिसकी जद में आने के बाद मानव रूपी प्राणी पूरी तरह आदमखोर हैवान बन गया था। ना जाने कितनी नदियां, न जाने कितने तालाब और ना जाने कितने कुएं और बावड़ियां इंसानी लहू से लाल हो गयीं थीं। लहु पीने वाला दानव जागा तो ना जाने कितनी कोख समय से पहले ही सूनी हो गयीं। न जाने कितने गुलशन महकने से पहले ही उजाड़ दिए गए। विभाजन की इस अमानवीय पीड़ा को समेटने के लिए इतिहासकारों ने, रचनाकारों व साहित्यकारों ने खूब कलम चलाई लेकिन तब भी विभाजन के दर्द को बयान करना मुमकिन न हो सका। आखिर उस दर्द को शब्दों में कैसे ढाला जा सकता है, जिसे एक बाप अपने बच्चों से जुदा होकर सहता है, एक मां अपने बच्चों से जुदा होकर सहती है। एक परिवार जब टूटता है तो पीढ़ियां उसका दर्द महसूस करती हैं फिर यह तो वो विभाजन था जिसके बाद जमीन और दिलों में दीवार खड़ी होनी ही होनी थी। इसने भाई को भाई से अलग करवाया, बहन-भाई अलग हुए। पति-पत्नी अलग हुए, यहां तक कि परिवार को अपने लहू से सींचने वाले बड़े बुजुर्ग समय से पहले ही अपने बच्चों से जुदा हो गए। यह पीड़ा किसी मौत से कम न थी। जिन्होंने सहा और जिन्होंने देखा और जो आज सुन रहे हैं उनके दिलों से पूछिए क्या वह अपनी आंखों को नम होने से रोक पाते हैं। ऐसे ही दर्द को समझने वाले साहित्यकारों में अग्रणी एक नाम जो बरबस मानस पटल पर आ जाता है वह प्रसिद्ध उपन्यासकार भीष्म साहनी का ही है। साहनी ने विभाजन की असहनीय पीड़ा को सहा था इसलिए उनकी लेखनी विभाजन के दर्द को बयान करने से ज्यादा, उनकी इबारत के शब्द कृन्दन करते हुए प्रतीत होते हैं।

गौरतलब है कि भीष्म साहनी 8 अगस्त 1915 को रावलपिंडी में जन्मे थे और विभाजन के बाद भारत आकर उन्होंने लेखन कार्य शुरू किया था। साहनी द्वारा लिखित कहानी %अमृतसर आ गया है% विभाजन के परिदृश्य पर ही लिखी गई है। यह कहानी पाकिस्तान से भारत की ओर कूच करने वाले शरणार्थियों के एक समूह का यात्रा के दौरान की भयावहता और विनाश को रेखांकित करती है। साहनी ने करीब 120 कहानियां लिखीं लेकिन उन्हें विभाजन की विभीषिका और उसकी टीस से निकलने वाली वाणी ने एक अलग पहचान दिलाई। कहने को तो साहनी इस फानी दुनिया को 2003 में ही हमेशा-हमेशा के लिए अलविदा कह गए, लेकिन उनकी कहानियां आज भी विभाजन के दर्द को बखूबी बयान करती और हम भारतवासियों को सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या यह विभाजन हमारे लिए सही था? वैसे देखा जाए तो विभाजन की इस असहनीय पीड़ा को समेटने वाले इतिहासकार कहें या साहित्यकार अमूमन किसी ने भी विभाजन को सही नहीं ठहराया। भारतविभाजन को कमोवेश सभी ने गलत ही ठहराया है। विभाजन के कारण पलायन करके जो लोग सीमा पार कर अनजानी जगह पहुंचे उन्हें इस दर्द का सबसे ज्यादा एहसास है, जिन्होंने उस पलायन को करीब से देखा, उन्हें भी इस दर्द से वाबस्ता होना पड़ा और जो दूर रहे लेकिन जिन्होंने हकीकत जानी उन्हें भी इस दर्द का अहसास है। आज जब हम विभाजन की बात कर रहे हैं तो सशर्त मिली स्वतंत्रता हमें बहुत कम नजर आती है।

## रामलीला में हुई राहुललीला

डॉ वेदप्रताप वैदिक

रामलीला मैदान की रैली में कांग्रेस ने काफी लोग जुटा लिये। हरयाणा से भूपेंद्र हूडा और राजस्थान से अशोक गहलोत ने जो अपना जोर लगाया, उसने कांग्रेसियों में उत्साह भर दिया लेकिन यह कहना मुश्किल है कि इस रैली ने कांग्रेस पार्टी को कोई नई दिशा दिखाई है। इस रैली में कांग्रेस का कोई नया नेता उभरकर सामने नहीं आया। कई कांग्रेसी मुख्यमंत्री और प्रादेशिक नेता मंच पर दिखाई दिए लेकिन उनकी हैसियत वही रही, जो पिछले 50 साल से थी। सारे अनुभवी, योग्य और उम्रदराज़ नेता ऐसे लग रहे थे, जैसे किसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मेनेजर या बाबू हों। पिछले दिनों कांग्रेस के पुनर्जन्म की जो हवा बह रही थी, वह उस मंच से नदारद थी। राहुल गांधी इस पार्टी के अध्यक्ष रहें या न रहें, बनें या न बनें, असली मालिक तो वही हैं, यह इस रैली ने सिद्ध कर दिया है। रामलीला मैदान में हुई यह राहुललीला क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं दे रही है कि 'भारत-जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व कौन करेगा? आप ज़रा सोचिए कि जो पार्टी लोकसभा की 400 सीटें जीतती थी, वह सिकुड़कर के 50 के आस-पास आ जाए, फिर भी उसमें नेतृत्व परिवर्तन न हो, वह पार्टी अंदर से कितनी जर्जर हो चुकी होगी। रामलीला मैदान में भाषण तो कई नेताओं के हुए लेकिन टीवी चैनलों और अखबारों में सिर्फ राहुल गांधी ही दिखाई पड़ रहे है। इसका अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि ऐसा जान-बूझकर करवाया जा रहा है ताकि कांग्रेस की मज़ाकिया छवि बनती चली जाए! ऐसा नहीं है कि राहुल का भाषण बिल्कुल बेदम था। उसमें कई ठोस और उचित आलोचनाएं भी थीं लेकिन देश के श्रोताओं के दिमाग में जो छवि राहुल की पहले से बनी हुई है, उसके कारण कारण उसका कोई खास असर होने की संभावना बहुत कम है। राहुल और सोनियाजी को पता है कि अकेली कांग्रेस मोदी के मुकाबले इस बार पासंग भर भी नहीं रहनेवाली है लेकिन इसके बावजूद राहुल ने देश की अन्य प्रांतीय पार्टियों को अपने कथन से चिढ़ा दिया है। उसने कह दिया कि इन पार्टियों के पास कोई विचारधारा नहीं है। क्या राहुल की कांग्रेस अन्य विरोधी पार्टियों के बिना मोदी का मुकाबला कर सकती है? राहुल का यह कहना भी कोरी अतिरंजना है कि संसद में विरोधियों को बोलने नहीं दिया जाता और मीडिया का गला घोंटा जा रहा है। राहुल ने न्यायपालिका को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस के पास श्रेष्ठ वक्ताओं का अभाव है, यह बात राहुल के अलावा सबको पता है। हर सरकार मीडिया को फिसलाने की कोशिश करती है लेकिन यदि भारतीय मीडिया गुलाम होता तो क्या राहुल को आज इतना प्रचार मिल सकता था?

# कलेक्टर को हटाने को लेकर चल रहे धरने को संगठन से ऊपर उठकर पत्रकार दे रहे समर्थन




## पत्रकारों के मान-सम्मान की लड़ाई पहले संगठन बाद में

**मुरैना।** मध्यप्रदेश में पत्रकारों के हित में काम करने वाले विभिन्न संगठन मुरैना जिले के पत्रकारों के साथ  कलेक्टर बी कार्तिकेयन द्वारा की गई अभद्रता के विरोध में चल रहे विरोध प्रदर्शन और धरने को समर्थन दे रहे हैं। क्योंकि जिले के पत्रकार अब यह मानने लगे हैं कि पत्रकारों का मान-सम्मान और स्वाभिमान पहले हैं, संगठन बाद में हैं। हाल ही में एक संगठन द्वारा आंदोलन से दूरी बना ली है जिसे लेकर पत्रकारों में भी आक्रोश है और उन्होंने इस संगठन को छोड़कर आंदोलन में हिस्सा लेना शुरू कर दिया है साथ ही ऐसे संगठन को भविष्य में दरकिनार करने की रणनीति पर भी विचार किया जा रहा है, जो पत्रकारों के मान-सम्मान की लड़ाई को प्रशासन और शासन के दबाव में आकर छोड़ अपने निजी हित साधने में लग गया। दरअसल मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन के कार्यकाल के दौरान जिले में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और आमजन एवं मजदूर किसान के हो रहे शोषण की आवाज बुलंद करने वाले मीडिया कर्मी जन संपर्क स्थापित करना चाहते और प्रशासनिक अव्यवस्था एवं भ्रष्ट तंत्र से जनता को बचाने के लिए मीडिया के माध्यम से संवाद स्थापित करते तो कलेक्टर द्वारा उन्हें लगातार दरकिनार किया जा रहा था और यही हाल नगर निगम सभापति के निर्वाचन के समय देखने को मिला जब अपनी हठधर्मिता को रखने के लिए चुनाव की प्रक्रिया से मीडिया को दूर रखने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। इसी विरोध में मुरैना जिले के पत्रकारों द्वारा लगातार कलेक्टर को हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार से मांग की जा रही है। बावजूद इसके राज्य सरकार द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा परिणाम स्वरूप यह आंदोलन एक माह पूर्ण कर चुका और पिछले 5 दिन से धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को हटाने का विरोध किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन और धरना से भले ही एक संगठन ने अपने निजी हित साधने के लिए दूरी बना ली हो लेकिन जिले के पत्रकार संगठन की मर्यादा से ऊपर उठकर आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं और धरना प्रदर्शन में उपस्थित हो रहे हैं। इसके साथ ही आज विश्व पत्रकार महासंघ ने भी मुरैना के धरना प्रदर्शन और आंदोलन का समर्थन करते हुए अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस आंदोलन को परिणीति तक ले जाने का भरोसा दिलाया।

### विचारक, चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार जयंत तोमर आज होंगे शामिल

ग्वालियर चंबल अंचल के वरिष्ठ पत्रकार विचारक, चिंतक के रूप में पहचाने जाने वाले पत्रकारिता के शिक्षक जयंत सिंह तोमर आज मंगलवार को मुरैना मैं चल रहे पत्रकारों के धरना प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन का समर्थन करेंगे और राज्य सरकार से बी कार्तिकेयन कलेक्टर मुरैना को न केवल मुरैना से हटाने बल्कि भविष्य में जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए किसी भी जिले में पदस्थ ना करने का समर्थन करते हुए धरना देंगे।

## अंडर ब्रिज के लिए 34 वें दिन भूख हड़ताल जारी, आगे सत्याग्रह की है तैयारी

**कैलारस।** नगर पालिका क्षेत्र में शासकीय अस्पताल के आने-जाने के लिए श्मशान और कब्रिस्तान के लिए एक मात्र रास्ता कृष्ण मार्ग से होकर निकलता है। उसे भी ब्रॉडगैज के निर्माण कार्य में बंद किया जा रहा है। उस परम्परागत रास्ते पर ब्रॉडगैज बनाने के लिए जनता लगातार संघर्ष कर रही है, जो निरंतर जारी है। धरना, प्रदर्शन, तिरंगा यात्रा के बाद लगातार क्रमिक भूख हड़ताल जारी है। सोमवार को 34 वें दिन रामदयाल जाटव, विजय सिंह जाटव, गफ्फार खान, सत्यनारायण शाक्य भूख हड़ताल पर बैठे।



इनका सहयोग और समर्थन देने के लिए एकजुटता प्रकट करने के लिए मोहल्ला वासी इलियास खान, नरेश जाटव, हलकेराम जाटव, मिथुन जाटव, सलमा बानो, मिथिलेश श्रीवास, मीना जाटव, बैकुंठी जाटव, शशि जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मौहल्ला वासियों ने आगामी दिनों में जोरदार सत्याग्रह करने का भी निर्णय लिया है। आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय हैं।



## नैतिक मूल्यों के बिना अधूरी है शिक्षा: डॉ. क्षमा कौशिक

**मुरैना।** सरोजनी विद्या निकेतन में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्या डॉ. क्षमा कौशिक ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों के समावेश एवं उनके विकास पर बल दिया। संगोष्ठी का शुभारम्भ डॉ. राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्पांजलि द्वारा किया गया। विद्यालय संचालक मणीन्द्र कौशिक ने शिक्षा में सामाजिक सरोकारों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर एस.पी. सिंह तोमर, रागिनी परमार, अरविंद सिकरवार, राधा तोमर, पूजा सिकरवार, उपासना दुबे, अनीता शर्मा, रेणु अवस्थी, संतोष सिकरवार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने निकाली प्रभात फेरी




**मुरैना।** पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना माता के मंदिर से प्रातः 8 बजे प्रभात फेरी पेंशनरों की मांगों के लिए पंडित राम प्रसाद बिस्मिल संग्रहालय तक निकाली गई। उन्होंने शासन से केंद्र के समान डीए, छठवां और सातवां वेतन आयोग का एरियर, आयुष्मान कार्ड आदि के लिए रैली निकाल कर विरोध प्रकट किया गया। इस अवसर पर विष्णु शुक्ला पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष जेपी शर्मा, जयप्रकाश दंडोतिया, कमलेश कुमार सविता, आरबी माहोर, सियाराम सिकरवार, आदित्य शर्मा, सियाराम शर्मा आदि शामिल रहे।

# जन शिक्षण संस्थान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

**भिण्ड।** जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अनुदेशक/अनुदेशिका सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 5 सितम्बर से 9 सितम्बर 2022 तक आयोजित गतिविधियों की श्रंखला में सोमवार को जन शिक्षण संस्थान कार्यालय परिसर पर अुनदेशक/अनुदेशिकाओं की बैठक आयोजित की गयी।



जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया ने बताया कि आज शिक्षक दिवस पर संस्थान द्वारा अनुदेशक/अनुदेशिका को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें जिससे भी कोई शिक्षा प्राप्त हो वह हमारा शिक्षक है। शिक्षक किसी भी समाज का आधार है, शिक्षक देश की उन्नति का मार्ग निर्धारित करता है, शिक्षक से प्राप्त शिक्षा व संस्कार के फलस्वरूप युवा आगे बढते है व राष्ट्र व समाज के हित के कार्य करते है। जन शिक्षण संस्थान के अनुदेशक/अनुदेशिकाओ द्वारा भी अपने प्रशिक्षणार्थियो के कौशल में विकास किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप छात्र कुशल होकर, कुशल कारीगर बनकर जीवन-यापन हेतु रोजगार प्राप्त करते है व उन्नत जीवन जीते है। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्री राजौरिया व अन्य कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षकों का सम्मान करते हुये शॉल व श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया के अलावा संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे व मनोज कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, अमित शर्मा, अजय सिहं कुशवाह, जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर सहित प्रशिक्षक दिनेश सिंह राजपूत, शैलेन्द्र सिंह एवं प्रशिक्षिका श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, मधु, सविता श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब समन्वय ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान

**मुरैना।** लायंस क्लब समन्वय द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष में किड्ज ए फर्स्ट स्टेप स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। किड्ज ए फर्स्ट स्टेप स्कूल के संचालक अमित जैन और मोना जैन ने लायंस क्लब समन्वय के सभी सदस्यों का स्वागत  किया। लायंस क्लब समन्वय की अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह के द्वारा किड्ज स्कूल के सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया और साथ ही उन्हें उपहार भी बांटे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती रेखा सिंह के द्वारा बच्चों को और शिक्षकों बताया गया कि एक शिक्षक बच्चों के जीवन में जो बदलाव लाता है वह कोई नहीं ला सकता। जीवन में शिक्षक दो ही होते हैं एक माता-पिता और दूसरे जो बच्चों को शिक्षा का ज्ञान देते हैं। उन्होंने बच्चों को और शिक्षकों को शिक्षा और शिक्षक का महत्व के बारे में भी बताया। इसी क्रम में डॉ. हेमा सिंघल के द्वारा किड्ज स्कूल के छात्रों को बताया गया, डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में हम शिक्षक दिवस मनाते हैं और शिक्षक ही हमें सत्य की राह पर चलना सिखाते है। उन्होंने कहा कि मैं और लायंस क्लब के सभी सदस्य ऐसे शिक्षकों को नमन करते हैं जो अपना पूरा जीवन एक शिक्षक के रूप में बिताते हैं व हमारे भारत देश का भविष्य बनाते हैं।  इस दौरान डॉ. रितु राठी के द्वारा शिक्षकों को प्रोत्साहन और मोटिवेशन की बातें बताई गई।




# पल्लिवाल महिला मंडल द्वारा भजन व खुला मंच प्रतियोगिता आयोजित

**मुरैना।** पल्लिवाल महिला मंडल के द्वारा लोहिया बाजार मन्दिर में उत्तम सत्य धर्म के दिन भजन प्रतियोगिता और उत्तम शौच धर्म के दिन खुला प्रश्न मंच आयोजित किया गया। पल्लिवाल महिला मंडल की अध्यक्ष करुणा जैन, सचिव शशि जैन, सांस्कृतिक मंत्री सुनीता जैन, सरिता जैन, कल्पना जैन ने बताया कि सुबह नित्य नियम से अभिषेक, शान्तिधारा, पूजा पाठ, दस लक्षण धर्म की पूजा, गोला पुरुष वर्ग पुजारियों के द्वारा किया जाता है। संन्ध्याकालीन आरती, शास्त्र सभा पंडित नेमीचन्द द्वारा किया जाता है। उसके बाद पल्लिवाल महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम किए जाते हैं। सरिता जैन ने बताया कि इन प्रतियोगिता को तीन वर्गो में बांटा गया था। जिसमें महिला वर्ग, पुरुष वर्ग और बालक बालिका वर्ग शामिल थे। कार्यक्रम संचालन शशि जैन के द्वारा किया गया। शब्द पर भजन प्रतियोगिता बनाई गई। इसी प्रकार सवाल पूछने पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। सभी प्रश्नों का जवाब मौजूद धर्मावलबियों द्वारा उत्साह पूर्वक किया गया। इस दौरान मंडल की ओर से विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में भाई कवि नमोकार जैन के द्वारा काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खास बात यह रही कि पल्लिवाल लोहिया बाजार मन्दिर के अध्यक्ष विनोद जैन, मंत्री अमर जैन, मन्दिर कमेटी के सदस्य विमल जैन, पदम जैन, यतीन्द जैन, प्रदीप जैन, विमल जैन, आशिष जैन, मोनू जैन, राकेश जैन, नेमीचन्द जैन एंव सभी सदस्य और सभी पल्लिवाल महिला मंडल की सदस्य मौजूद रही।





**सुगंध दशमी का मनाया पर्व, खुशबू से महका मंदिर:** सोमवार को लोहिया बाजार स्थित जैन मंदिर में पल्लीवाल महिला मंडल द्वारा जैन धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक सुगंध दशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण जैन मंदिर में सुबह शाम तक धूप की खुशबू से महकता रहा। इस अवसर पर जैन मिलन क्षेत्रीय चेयरमैन श्रीमती सरिता जैन ने बताया कि आज के दिन सच्चे मन से प्रभु की पूजा करने से इंसान के सारे अशुभ कर्मों, कष्टों और दर्द का क्षय होता है। श्रीमती जैन ने कहा कि इंसान आज अगर सच्चे मन से ईश्वर की अराधना करता है तो उसे सुंदर काया भी प्राप्त होती है। यही नहीं जैन महिलाओं के लिए आज का दिन करवाचौथ की तरह होता है, सुहागिन महिलाएं बिना पानी के निर्जला व्रत रहती है। कुल मिलाकर आज का दिन जैनियों के लिए काफी पावन है। आज के दिन सभी लोग जैन मंदिरों में जाकर धूप खेवते हैं।

# आचार्य आनंद क्लब ने शिक्षक दिवस को मातृशक्ति  पर्व के रूप में मनाया

## ब्राइट कैरियर में 251 माँ का पूजन कर उतारी आरती

**अम्बाह।** शिक्षक दिवस को मातृशक्ति पर्व के रूप में मनाते हुए आचार्य आनंद क्लब ने सोमवार को शैक्षणिक संस्थान ब्राइट कैरियर एकेडमी में दो सौ इक्यावन माँ पर पुष्प वर्षा कर 21 दियों  से सुसज्जित थाली से संचालक डॉ सुधीर आचार्य और  प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा द्वारा आरती उतार कर, उपस्थित सभी माताओं को अभिनन्दन पट्टिका पहनाकर, प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए। इसके बाद उपस्थित बच्चों ने अपनी-अपनी मां का  पूजन किया, मिष्ठान खिलाया और आरती उतारी। इस अवसर पर संयोजक एवं सूत्रधार डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि गर्भावस्था से जीवन के हर पड़ाव पर मां-बाप की सीख काम आती है। मां अपनत्व की भाषा में सदैव मार्ग प्रशस्त करती है। माता-पिता के आशीर्वाद में भी उज्ज्वल भविष्य का संदेश छिपा रहता है। प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा ने मौके पर मौजूद सभी मां से पढ़ाई के साथ संस्कारों पर विशेष जोर देने को कहा। संचालन राहुल गुप्ता और प्रतीक्षा अग्रवाल ने व आभार संगीता तोमर और अवधेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर आचार्य आनंद टीम के पदाधिकारी और एकेडमी के शिक्षक गण भी उपस्थित थे।



## सम्मान पा भावुक हुई माँ

संचालक और प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों की माँ का सम्मान होता देख अनेकों माँ भावुक हो उठीं। उन्हें पहली बार शिक्षक दिवस पर संस्था और बच्चों द्वारा सम्मानित किया जा रहा था।

# टीचर्स डे के उपलक्ष में टीचर्स का स्नेह मिलन आयोजित

**मुरैना।** टीचर्स डे के उपलक्ष में ब्रह्माकुमारी केंद्र मुरैना पर एक टीचर्स डे का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया तथा लगभग 100 भाई-बहन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में बिंदुसार तोमर बीसीआरसी, सीएल गुप्ता प्राचार्य पीजी कॉलेज, अनिल कुमार जैन अचार्य एमएलबी कॉलेज, डॉ आर सी बांदिल पूर्व सीएमएचओ एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रेखा बहन  सभी को मंचासीन किया गया। स्नेह मिलन का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, सभी अतिथियों का स्वागत चंदन टीका लगाकर बैच लगाकर एवं पुष्प हार पहनाकर किया गया। बीके रेखा बहन द्वारा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में टीचर्स डे पर टीचर्स का स्नेह मिलन रखा गया है। आज के समय में शिष्य को विषय के बारे में ज्ञान दिया जाता है, उसके साथ-साथ अध्यात्मिक ज्ञान भी देना जरूरी है, तभी हमारे देश में छात्रों के बीच अच्छी भावनाएं प्रदर्शित होगी। पढ़ाई में बच्चों को नैतिक मूल्य की शिक्षा भी देनी चाहिए, तभी अच्छा समाज विकसित होगा। तत्पश्चात डॉ शिवानंद ने बताया कि टीचर्स डे अपने द्वितीय राष्ट्रपति सरपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 1888 में 5 सितंबर को हुआ था, वह एक सच्चे शिक्षाविद अध्यापक थे। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि मेरे जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाय जावे। तभी से 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। डॉ शिवानन्द ने बताया कि गुरु की महिमा ईश्वर के बराबर है (गुरु गोविंद दोनों खड़े काके लागू पाय बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए) अनिल कुमार जैन प्राचार्य एल.एल.बी.कॉलेज अनिल कुमार जैन ने अपने वक्तव्य में अपना अनुभव सुनाया कि किस तरह एक शिष्य बड़े-बड़े पदों पर जैसे की आई.ए.एस, डॉक्टर व इंजीनियर आदि बन जाते हैं तब उन्हें बड़ा गर्व महसूस होता है। बिंदुसार तोमर ने कहा कि शिक्षक को संपूर्ण होना चाहिए तभी छात्रों का सही रूप से विकास होता है उन्होंने लोभ मोह अहंकार आदि नहीं छोड़ेंगे तब तक हमारा आत्मिक विकास संभव नहीं है। अंत में सभी अतिथियों को सौगात देकर एवं भोग प्रसादी देकर विदा किया गया।



# सीरवी नवयुवक मंडल नालासोपारा समान समारोह का आयोजित हुआ

**पुष्पाजंली टुडे**

**मुम्बई** -सीरवी समाज महासभा महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष दिनेश कुमार गेहलोत व युवा अध्यक्ष राजेश गेहलोत व महिला अध्यक्ष कमला बहिन का जोरदार तरीके से सीरवी समाज नालासोपारा की तरफ से आई माताजी मंदिर प्रांगण नालासोपारा में स्वागत किया गया कमेटि के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण व सहलाकार मंडल व महिला मंडल की मौजूदगी में स्वागत किया गया।इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नाथुलाल, केराराम मुलेवा, सचिव इंदाराम, बाबुलाल काग द्वारा अध्यक्ष दिनेश कुमार गेहलोत का स्वागत किया साफा श्रीफल व शॉल द्वारा ओर युवा अध्यक्ष राजेश गेहलोत का स्वागत कमेटी के कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार व मोहनलाल के द्वारा स्वागत किया गया और महिला अध्यक्ष कमला



बहिन का स्वागत नालासोपारा के समस्त महिला मंडल द्वारा किया गया व सीरवी समाज खेल परिवार के प्रकाश के गेहलोत का स्वागत आईजी खेल परिवार नालासोपारा के साथी खिलाड़ी महेंद्र सोहन डुंगाराम भंवरलाल शेषाराम व समस्त खिलाड़ीयों के साथ इस बिच महासभा महाराष्ट्र के अध्यक्ष दिनेश कुमार गेहलोत ने समाज के सुधार करने के लिऐ संबोधित किया सुधार करने पर जोर दिया ओर शिक्षा के उपर जोर दिया समाज में शिक्षा संस्कार व संगठन की सख्त जरूरत है आये दिन जो घटनाएं होती हैं उसमें सबको संगठित रहते के लिऐ जोर दिया युवा अध्यक्ष युवाओं को जोड्ने के लिए संबोधित किया और महिला मंडल अध्यक्ष ने महिलाओं को जागरूक रहने पर जोर दिया और समाज में कंधे से कंधा मिलाके समाज के साथ खड़े रहने को कहा और कमेटी के अध्यक्ष व समस्त कमेटी अध्यक्ष को ज्ञापन सोपा की हर दम महासभा के साथ खड़े रहेंगे समाज सुधार में ओर समाज को नयी दिशा की ओर देखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है तन मन धन के साथ सबको धनियावार दिया और एकता की मिसाल देने के साथ माताजी का जय जोस के साथ अध्यक्ष नाथुराम केरा राम मुलेवा सचिव इंदाराम हेमाराम सोयल कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार भिकाराम हाम्बड, सहसचिव शेषाराम,रूपाराम सेबटा, सह कोषाध्यक्ष सोहनलाल, भुराराम सैणचा, मोहनलाल ,मुलाराम गेहलोत ,हकाराम, खेताराम, सोलंकी उमा राम ,मानाराम, बाबुलाल काग ,मांगीलाल, पोकरराम , व समाज के पिता तुल्य बुजुर्ग व समस्त सदस्य गण व सहलाकर मंडल ओर समस्त महिला मंडल व समस्त आईजी खेल परिवार नालासोपारा बच्चों को मोबाईल से दूर रखे । खेलों कि ओर आकर्षित करते का काम खेलों के माध्यिम से चल रहा है बच्चे समाज व देश का भविष्य है सही दिशा में जाये युवा जागेगा तो ही समाज जागेगा।

## 2 दिन तक जंगल में ले जाकर किया बलात्कार पुलिस ने किया छेड़खानी का मामला दर्ज

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- खबर शिवपुरी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देने आई सपना लोधी ने बताया कि घटना दिनांक 31.8.2022 शाम 8.00 बजे को तीजा की पूजा करने अपने मायके ग्राम अचरोनी थाना



खनियाधाना शिवपुरी जा रही थी मेरी वस निकल गयी मैं थाने के पास खड़ी थी वहीं पर राहुल लोधी पुत्र हरीराम लोधी एंव जिहान लोधी पुत्र सूरज सिंह लोधी निवासीगण अचरोनी रामपुरा मोटर साईकिल से खड़े थे वह बोले कि तुम परिचित बाली लग रही हो तुम्हारी वस निकल गयी तो तुम्हे गांव में छोड़ देते है। मै विश्वास करके उनके साथ बैठ गयी क्योंकि मुझे तीजा की पूजा करना थी लेकिन उक्त दोनो लोग मुझे गांव न उतारते हुये दुसरी जगह जंगल मे ले गये मै चिल्लाई तो उक्त लोगो चाकू अड़ा दिया और कहा कि चुप चाप रह और अपने कपडे उतार मेने डर के कारण अपने कपडे उतार दिये उक्त लोगो नेवारी वारी से मेरे साथ बलात्यकार किया और अनेक वार रात वर वलात्यकार करते रहे उसके वाद उक्त दोनों लोग मुझे जान से मारने लगे मेने कहा कि मेरे दो बच्चे है मुझे छोड़ दो मुझे तुम कहोगे तब आ जाने की बोलने पर उन्होंने जान से नहीं मारा सुवह उक्त लोग मुझे माटा टीला ले गये वहां भी उक्त लोगों कहा कि तुने अगर हमारी शिकायत की तो तुझे इसी माटाटीला में मारकर फेक देंगे तथा उक्त लोग मुझे गांव मे नजदीक रेडी चौराहे पर छोड़ गये उसके बाद मेने उक्तल घटना अपने परिवार के लोगों को बतायी उसके बाद थाना गये जहां पर रिर्पोट की लेकिन मेरे वताये अनुसार रिर्पोट नही लिखी तथा छेड़ छाड़ की रिर्पोट लिखी है ।

# शिक्षक दिवस की आदरणीय समस्त भारतवासियों को बहुत-बहुत बधाई

### शिक्षक दिवस का इतिहास : भारत में 1962 में पहली बार मना था %टीचर्स डे%

**क्यों मनाया जाता है टीचर्स डे**

**अम्बेडकर नगर ।** 5 सितम्बर को भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म* हुआ था। एक बार राधा कृष्णन के कुछ शिष्यों ने मिलकर उनका जन्मदिन मनाने का सोचा। इसे लेकर जब वे उनसे अनुमति लेने पहुंचे तो राधाकृष्णन ने कहा कि मेरा जन्मदिन अलग से मनाने की बजाय अगर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाएगा तो मुझे गर्व होगा। इसके बाद से ही 5 सितम्बर का दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। पहली बार शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था।

### टीचर्स डे का महत्व

सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस महान राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी दुनिया एक विद्यालय है जहां से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। जीवन में शिक्षक हमें केवल पढ़ाते ही नहीं है बल्कि हमें जीवन के अनुभवों से गुजरने के दौरान अच्छे-बुरे के बीच फर्क करना भी सिखाते हैं। वहीं, शिक्षक हमारा मार्गदर्शन करते हैं कि जीवन में कभी भी कुछ अच्छा और ज्ञानवर्धक सीखने को मिले तो उसे तुरंत ही आत्मसात करना चाहिए। वह अपने छात्रों को पढ़ाते समय उनको पढ़ाई कराने से ज्यादा उनके बौद्धिक विकास पर ध्यान देते थे। भगवान हम सबके भीतर रहता है, महसूस करता है और कष्ट सहता है, और समय के साथ उसके गुण, ज्ञान, सौन्दर्य और प्रेम हममें से हर एक के अन्दर उजागर होंगे।-सर्वपल्ली राधा कृष्णन-पुस्तकें वह साधन हैं जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं।

**-सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन**

# जिला अध्यक्ष भास्कर पांडे के मुख्य आतिथ्य में युवा मोर्चा देवेंद्र नगर का हरा भरा मध्यप्रदेश कार्यक्रम की बैठक हुई संपन्न

### सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने दर्ज कराई उपस्थिति

भारतीय जनता पार्टी ने पूरे मध्यप्रदेश को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में हरा भरा मध्यप्रदेश के नारे के साथ बृहद ब्रक्षारोपण का कार्यक्रम चला रखा है जिसकी कमान युवा मोर्चा को सौंपी गई है इसी तत्वाधान में देवेंद्र नगर युवा मोर्चा को कार्यक्रम की रूपरेखा और संपादन के उद्देश्य से नगर के राज पैलेस में बृहद संवाद कार्यक्रम रखा गया था जिसमे सैकड़ों की संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और युवा मोर्चा के पधाधिकारी,ग्राम पंचायत प्रभारी,वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रशाद मुखर्जी के छायाचित्र पर



माल्यार्पण कर किया गया तदोपरांत कार्यक्रम के दौरान मंचासीन वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा अरुण गर्ग मंडल अध्यक्ष हीराजी पटेल जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा निक्की जयसवाल ने कार्यक्रम के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा और संयोजन का विस्तृत विवरण एवम शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक जानकी विश्वकर्मा जी का शाल श्रीफल से सम्मान जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा भास्कर पांडे द्वारा किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह और आभार उमेश पाठक मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा द्वारा किया गया।

मंच पर गजेंद्र सिंह परमार जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा,धीरेंद्र बाजपेई जिला महामंत्री युवा मोर्चा ध्रुव चौबे जिला मंत्री रूबल पांडे जिला मीडिया,सचिन देव अरजरिया जिला मंत्री एवम देवेंद्र नगर युवा मोर्चा मंडल प्रभारी प्रभारी,रमाकांत शुक्ला मंडल महामंत्री ,धीरेंद्र बागरी मंडल महामंत्री अजय पटेल पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष,कल्याण सिंह किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष बुंदेला,रुद्र बागरी ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्शाई।

# शिक्षक दिवस पर समाजसेवी महिलाओं ने किया शिक्षको का सम्मान



**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** - शहर की समाजसेवी महिलाओं ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर तात्या टोपे स्कूल फिजिकल पर 30 शिक्षक शिक्षाकाओ का फूल माला पहना कर शॉल एवं श्रीफल देकर एवं कलम देकर उनको सम्मानित किया गया एवं सर्वप्रथम उन्होने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण किया जिसमे जोन डायरेक्टर एस एम ए प्रियंका शिवहरे , समाजसेवी नीतू जैन , प्रियंका सोनी , नीता श्रीवास्तव आदि समाजसेवी महिलाओ ने इन 30 शिक्षकों का सम्मान किया प्राचार्य मालती शर्मा , दीपेंद्र शर्मा , सुशील कुमार, पदम चंद्र , प्रतिभा पुरोहित, लीला जाटव , नीता श्रीवास्तव, मोनिका सोनी ,नीतू सिंह , रंजना व्यास, भारती त्रिपाठी , गब्बर सिंह , अशोक राजे प्रियंका गुप्ता , ललिता राजपूत , स्नेहलता कुशवाह ,आदि शिक्षक उपस्थित रहे

# छत्रसाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग में हुआ विशेष व्याख्यान

**हरिचरण प्रजापति पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना,** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग में प्रोफेसर सी एम शुक्ला छतरपुर के मुख्य आतिथ्य में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ एच एस शर्मा के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर उषा मिश्रा ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो एस के पटेल, प्रोफेसर एस एस राठौर, डॉ राजीव सिंह थे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन प्रोफेसर विनय श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सीएम शुक्ला ने अपने व्याख्यान में इतिहास और स्वतंत्रता की क्रमिक व्याख्या करते हुए विभिन्न क्षेत्रों को स्वतंत्रता के साथ जोड़कर एक नई परिभाषा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में





स्वतंत्रता के लिए व्यापक संघर्ष हुआ है और स्वतंत्रता हमें अनेक संघर्षों के उपरांत प्राप्त हुई है। देशों की राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ ही आज हमें पर्यावरण और नदियों की स्वतंत्रता की भी आवश्यकता है। हमें मानसिक स्वतंत्रता की भी आवश्यकता है जो हमें व्याधियों से दूर करेगी। प्रोफेसर शुक्ला ने विभिन्न क्षेत्रों में इतिहास के साथ विभिन्न क्षेत्रों को जोड़कर प्रेरणादाई उद्बोधन दिया और भारतीय संस्कृति से जुड़कर कार्य करने का आव्हान किया। प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ उषा मिश्रा ने प्रोफेसर शुक्ला का स्वागत किया। शुक्ला इतिहास विषय के मर्मज्ञ हैं। इतिहास के विशेष व्याख्यान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के इतिहास विषय के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन और संचालन प्रोफेसर विनय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# भारतीय किसान संघ ने मिहोना में भगवान बलदेव छठ का मनाया उत्सव, भोग लगा कर बांटे लड्डू

**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

मिहोना-भिंड। भारतीय किसान संघ के जिला सह मंत्री पंडित प्रदीप पचौरी जी के निवास कार्यालय पर भारतीय किसान संघ के द्वारा बलदेव छठ मनाई गई इस अवसर पर पंडित प्रदीप पचौरी जी द्वारा किसान संघ और भगवान बलराम जी के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहां कि कृषि देवता भगवान बलराम जयंती किसान दिवस पर सभी क्षेत्र प्रदेश देशवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देते हुए बताया की भारतीय किसान संघ की स्थापना भाद्रपद शुक्ल षष्ठी वि.सं.2047 (4 मार्च 1979) को राजस्थान के कोटा में हुई थी। इस दिन देश के 650 प्रतिनिधियों की प्रतिनिधि सभा में भारतीय किसान संघ की रिति-नीति व कार्यपद्दति के आयाम तय करने के बाद उसकी सतत कियान्विती हेतु ध्येय वाक्य, ध्वज, नारे, प्रेरणा स्त्रोत व्यक्तित्व को कुल देवता के रूप में स्वीकार करने पर गहरी चर्चा हुई।

संगठन की रिति-नीति में खेती करो और खेती ही करो के ध्येय वाक्य के साथ संगठन का भारतीय व कृषि स्वरूप को दर्शाने हेतु कुल देवता के रूप में एक व्यक्तित्व का चुनाव करना था जिसके लिए सर्वसम्मति से भगवान बलराम जी को कुल देवता के रूप में अंगीकार किया था।

इसके आगे पचौरी जी ने भगवान बलरामजी का जीवन परिचय के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान बलराम जी का जन्म भादवा सुदी षष्ठी को हुआ था। बलराम जी भगवान कृष्ण के बड़े भाई व माता रोहिणी के पुत्र है।

एक किसान परिवार में जन्म लेने के बाद कृष्ण भगवान ने पशुपालन और बलराम जी ने कृषि को उन्नत





करने पर काम किया था बलराम जी को सृष्टि के पहले नहर व बीज वैज्ञानिक कह सकते है। प्राकृतिक रूप से उपजे फसलों का बीज उत्पादन कर नहर से सिंचाई द्वारा व्यवस्थित खेती का अविष्कार किया था।

भगवान बलराम जी ने अस्त्र के रूप में हल व मूसल को अपनाया था इसलिए इन्हें हलधर भी कहते है।

अपने औजार से बुवाई व फसल निकालने के साथ दुश्मनों का संहार भी इनसे करते थे।

बलराम जी का राष्ट्रिय चरित्र बहुत ऊंचा था उन्होंने अपनी व्यक्तिगत अहंकार के बजाय राष्ट्र को सर्वोपरि मान कर ही काम किया इसका प्रमुख उदाहरण जरासंध के साथ युद्ध मे अपने आप का समर्पण कर देश को संकट से बचाने का कार्य है। इसके अतिरिक्त भारतीय किसान संघ का गैरराजनीतिक स्वरूप बनाये रखने में भगवान बलराम जी की प्रेरणा शामिल है महाभारत के दौरान देश के राजा व सेनाएं किसी न किसी पक्ष की ओर से युद्ध के मैदान में थे तो उस दौरान भगवान बलराम जी ने किसी का पक्ष नही लेते हुए वो तीर्थ यात्रा में चले गए थे। इस प्रकार कृषि के प्रतीक हल व मूसल को अस्त्र स्वीकार करके हलधर कहलाने वाले, प्रथम बीज व नहर वैज्ञानिक, राष्ट्रीय व गैर राजनीतिक विशेषता वाले भगवान बलराम जी को कृषि देवता के रूप में स्वीकार किया तब से ही भादवा सुदी षष्ठी को इनके जन्म दिन को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मिहोना तहसील के पदाधिकारी रामेन्द्र राजावत तहसील अध्यक्ष, कुलदीप तोमर महामंत्री सुशील शर्मा तहसील सह मंत्री एवं देवेंद्र मोनस, लला शर्मा इमरान खान आदि लोग आदि उपस्थित रहे।

# बोरगांव में निशुल्क मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित हुआ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** 4 साल का बच्चा विक्की पांचे माता पार्वती बाई पांचे बोरगांव की आंखों की समस्याओं का इलाज भी महावीर इंटरनेशनल संस्था के द्वारा किया जाएगा । 5 सितंबर 2022 सोमवार को बोरगांव में पंचायत भवन बोरगांव में निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया तथा चिन्हित किए गए मोतियाबिंद मरीजों को संस्था के सारी सुविधाओं के माध्यम से ऑपरेशन के लिए प्रस्थान किया गया, महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत ने बताया की दिनांक 05/09/2022 दिन सोमवार समय प्रातः 11-00 बजे से 4 बजे तक शिविर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ शिविर मे बोरगांव, गुलवा, भूवा, भानेगांव पलेरा सेवती के ग्रामीण क्षेत्रों से लोगो ने लाभ लिया। जिसमें 145 लोगों का पंजीयन किया गया तथा 35 मरीज मोतियाबिंद चयनित किया गया एक 4 साल का बच्चा विक्की पांचे माता पार्वती बाई पांचे बोरगांव निवासी उसकी आंखों में समस्या है उसके द्वारा एलवी प्रसाद हैदराबाद में जांच की गई आर्थिक अभाव के कारण



उसे बहुत समस्या हुई महावीर इंटरनेशनल संस्था के द्वारा उसकी आंखों का जांच एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा। कुछ मरीज बीपी शुगर में कारण अनफिट पाएगा ।सभी महावीर सदस्यों सहयोग से क्षेत्र के मोतियाबिंद से पीड़ित व्यक्तियों की मदद के लिए हर संभव मदद प्रयास जो संभव हो किया जा रहा है

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल लांजी के सदस्यों के सहयोग से एवं जिसमें वरिष्ठ क्षेत्र के नागरिक, महिला पुरुष सभी की जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार जिन्हें आवश्यक हो उनकी जांच निशुल्क बीपी शुगर एवं आवश्यक दवाइयां उन्हें निशुल्क दी गई और मार्गदर्शन दिया साथ ही निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें संस्था के प्रशिक्षक डॉक्टर अतुल कुशवाहा एवं राजा भूते के द्वारा उनकी आंखों की जांच एवं उनके स्वास्थ्य की जांच निशुल्क बीपी शुगर तथा संबंधित रोगों के विषय में विस्तृत जानकारी दी जाएगी एवं जिन जो व्यक्ति मोतियाबिंद से ग्रसित बच्चे, महिला, पुरुष उन्हें ऑपरेशन संस्था के माध्यम से सारी व्यवस्था संस्था के द्वारा कराया गया और निशुल्क मोतियाबिंद लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया जाएगा यह कार्य महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा स्वास्थ्य को लेकर विगत कई वर्षों से पूरे क्षेत्र में है प्रयास किया जा रहा है कि ग्रामीण अंचलों में रहने वाले वरिष्ठ जन आर्थिक रूप से कमजोर और समय के अभाव में इलाज नहीं कराने के कारण जिनकी आंखों में समस्या हो इस कार्य में पूर्ण सहयोग आज भी करेगी और आने वाले समय में यह सतत प्रयास होगा कि पूरे क्षेत्र से अंधत्व की बीमारी का निवारण करें जिन्हें समस्या से ग्रसित हो उन्हें पूर्ण सहयोग करने के लिए महावीर इंटरनेशनल प्रतिबद्ध है और यह सेवा कार निरंतर चलती रहेगा यह कार्य कभी नहीं रुकेगा। प्रतिमाह शिविर कार्यक्रम लांजी, भानेगांव , बहेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें सर्वश्री विशाल राउत खोंगल चेयरमेन, शंकर मर्सकोले सरपंच ,राजकुमार खरे उपसरपंच विनोद बड्डु ठाकरे, प्रमोद मेश्राम, रामकृष्ण रिणायत, राजेश रामटेके, ओमकार ठाकरे इंद्र कुमार राजा भूते ,अरशद खान,एवं ग्राम पंचायत बोरगांव , महावीर इंटरनेशनल लांजी के अन्य सभी सदस्य उपस्थित थे।



## गुरु के बिना गति नहीं है- हरीशचंद्र शर्मा

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**मेहगांव** - भिंड। दुर्गेश जी गुप्ता सहायक प्रधानाध्यापक मेहगांव महाविद्यालय ने जानकारी देते हुए बताया की शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां मुख्य अतिथि के रुप में श्री हरीश चंद्र शर्मा जी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव के सेवानिवृत्त प्राचार्य जी उपस्थित रहे। प्राचार्य जी ने राधाकृष्णन जी के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का कारण बताया। विद्यार्थी जीवन से लेकर शिक्षा शास्त्री के रूप में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का वर्णन किया। भारतीय इतिहास के उदाहरण देकर शिक्षा का महत्व बताया । साथ ही डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन की घटनाएं बताकर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। राधाकृष्णन जी द्वारा नारी शिक्षा शिक्षा को राष्ट्र की उन्नति का प्रथम आयाम बताया । महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया शिक्षक और शिक्षार्थी एक दूसरे के पूरक हैं । शिक्षक विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को गढने का काम करता है । इस कार्यक्रम में उपस्थित रही , राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी गिरिजा नरवरिया जी ने भारतीय संस्कृति के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया ।कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने उपस्थित समस्त स्टाफ को सम्मानित किया।

## शासकीय संपत्ति का दुर्विनियोग करने के लिए सरपंच एवं सेक्रेटरी को सात वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** - न्यायालय श्री दीपराज कवडे प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अतिरिक्त न्यायाधीश गोहद जिला भिण्ड के द्वारा प्र030 147/ 2016 में दिनांक 03.09.2022 को निर्णय पारित करते हुए आरोपीगण 1. कुजबिहारी शर्मा उम्र 52 साल (सचिव) निवासी शेरपुर एण्डोरी, पेजराम जाटव पुत्र घमण्डीलाल जाटव उम्र 65 साल (सरपंच) निवासी शेरपुर थाना एण्डोरी को धारा 420 भादवि में प्रत्येक को 05-05 का सश्रम कारावास एवं 25000-25000/- रुपये अथदण्ड एवं कुंजबिहारी को धारा 409 भादवि में 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की कहानी अनुसार फरियादी केके कॉल पंचायत समन्वयक अधिकारी जनपद पंचायत गोहद द्वारा एक लिखित आवेदन इस आशय का प्रस्तुत किया गया था कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद के आदेश कमांक / जनपद पंचायत / शिकायत /2015/1888/ दिनांक 22/08/2015 के पालन में सचिव कुंजबिहारी शर्मा एवं सरपंच पेजराम जाटव के द्वारा ग्राम पंचायत शेरपुर की मूलभूत, 12वीं वित्त पंच परमेश्वर की राशि बिना प्रशासनिक स्वीकृति के बगैर निर्माण कराये कार्य बिना ही पृथक-पृथक बैंकों के माध्यम से 15,16,500 /- रुपये निकालकर हड़प लिये है. कोई बिल बाउचर नहीं लिये गये है और ना ही केशबुक पर सरपंच के हस्ताक्षर कराये गये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहद के आदेश के अनुसार जांच की गई एवं जांच प्रतिवेदन में पूर्व सचिव कुजबिहारी शर्मा वर्तमान पदस्थापना ग्राम पंचायत बहुआ जनपद पंचायत मेहगांव एवं पूर्व सरपंच पेजराम जाटव को दोषी पाये जाने पर एवं शासन के राजस्व की नुकसान कारित किये जाने पाये जाने पर अभियुक्तगण के विरुद्ध अपक0 127/2015] अन्तर्गत धारा 409 एवं 420 भादवि के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना पश्चात् आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जिसमें पूर्व सरपंच एवं सचिव को सजा सुनाई प्रकरण में अभियोजन का संचालन श्री दीवान सिंह गुर्जर, अपर लोक अभियोजक के द्वारा किया गया।

## क्षेत्रीय विधायक श्री वीरेंद्र रघुवंशी आज नगर परिषद रन्नौद

**हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी।** द्वारा विधानसभा कोलारस क्षेत्र के विधायक श्री वीरेंद्र रघुवंशी आज रन्नौद नगर आगमन पर लोगों ने बहुत ही जोरदार स्वागत किया बा 10



नंबर वार्ड पार्षद भावना केवट पति श्री राजेश केवट पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने फलों से तौल कर स्वागत किया गया और एक जन समस्या निवारण के लिए एक ऑफिस खोला गया जिसमें लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए गरीब असहाय लोगों की सहायता के लिए एक जन सेवा केंद्र खोला गया जिसका उद्घाटन विधायकश्री वीरेंद्र रघुवंशी जी द्वारा किया गया रेस्ट हाउस से लेकर रन्नौद बस स्टैंड तक आगामी ली और बैंड बाजे द्वारा बड़ी धूमधाम से स्वागत किया गया जिसमें विधायक जी ने अपने शब्दों में कहा योजनाओं से लेकर नगर परिषद रन्नोद में काफी मशक्कत के बाद रन्नोद नगर परिषद लाई गई जिसमें कई प्रकार की योजनाओं के बारे बारे में अवगत कराया गया और कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर बीजीपी को ज्वाइन किया वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति राजकुमारी कुशवाहा पति श्री जमुना लाल कुशवाहा और उपस्थित श्री श्री गोलू कुशवाहा श्री मुकेश केवट कई लोग उपस्थित रहे

## शिवपुरी, 5 सितम्बर 2022/ कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह

**संवाददाता हरिओम परिहार**

**शिवपुरी।** सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समय सीमा पत्रों और सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के अलावा 17 सितंबर से शुरू हो रहे अभियान के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि 17 सितंबर से शासन द्वारा अभियान चलाया जाएगा जिसमें पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जाना है। इसके लिए संबंधित विभाग हितग्राहियों को चिन्हित करें जिससे योजनाओं का लाभ दिया जा सके और अभियान का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा सके। किसी योजना के क्रियान्वयन में जो भी समस्या है उसके संबंध में अवगत कराने के लिए पत्र लिखें और अपने अधीनस्थों पर भी निगरानी करें। जो अधीनस्थ सही कार्य नहीं कर रहे उन्हें नोटिस जारी करें और उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

# डिंडौरी और मंडला में गिरा पानी, बरगी बांध के खोलने पड़े तीन गेट

**जबलपुर।** डिंडौरी और मंडला में बीते 24 घंटों के दौरान हुई बरसात ने बरगी बांध का जलस्तर बढ़ा दिया। इस वजह से बांध के तीन गेट फिर खोल दिए गए हैं। बरगी बांध कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार ऊपरी इलाकों में हुई वर्षा की वजह से बांध का जलस्तर 422.55 मीटर को छू चुका है। बांध में पानी की आवक 486 क्यूमेक है। जबकि पावर हाउस और बांध के गेटों से 413 क्यूमेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध में पानी की आवक बढ़ने से तीन गेटों को आधा-आधा मीटर खोल दिया गया है। बांध प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल बांध के तीन गेट खुले रखे जाएंगे। सोमवार को मौसम और मंडला-डिंडौरी में होने वाली वर्षा को देखकर गेटों को और खोलने या खुले गेटों को बंद करने का निर्णय लिया जाएगा। बांध के गेट खोले जाने से नर्मदा तटों पर आंशिक रूप से जलस्तर बढ़ सकता है, लेकिन मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में वर्षा की संभावना व्यक्त की है, ऐसे में नर्मदा तटों के आस-पास लोगों से सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने पानी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए कहा है।



**करमंडल नाला में उफान से डिंडौरी-अमरकंटक मार्ग चार घंटे रहा बंद:** जिले के करंजिया जनपद और बजाग क्षेत्र में शनिवार की शाम से शुरू हुई रुक-रुककर तेज वर्षा का दौर रविवार की शाम तक जारी रहा। वर्षा से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर आ गए। जनपद मुख्यालय करंजिया से महज तीन किलोमीटर दूर करमंडल नाले में आई बाढ़ के चलते पानी पुल के ऊपर आ गया। जंगलों में तेज वर्षा के कारण करमंडल नाला आए उफान के चलते डिंडौरी से अमरकंटक मार्ग रविवार की दोपहर एक बजे से बंद हो गया। पुल के दोनों तरफ राहगीरों के वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाम पांच बजे तक इस मार्ग में आवागमन बंद रहा। पुल में पानी कुछ कम होने पर यहां यातायात बहाल हुआ। नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक आने जाने वाले पर्यटक परिवार सहित परेशान देखे गए। इसी तरह तुड़ार नदी में आई बाढ़ के चलते करंजिया से चौरादादर गांव के बीच अलग अलग तीन जगह पुल के ऊपर से पानी बहने के चलते यह मार्ग भी लगभग तीन घंटे से अधिक समय तक बंद रहा।

## अम्बाह पीजी कॉलेज में हर्षोल्ल्लास से मनाया शिक्षक दिवस...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अंबाह पीजी कॉलेज अंबाह की रासेयो इकाइयों ने उत्साह पूर्वक शिक्षक दिवस मनाया । महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ .आर एस चौहान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रक्षा कम्ठान डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल तथा पंकज भदौरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीपक प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। तदुपरांत वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा सभी अतिथियों को रोली लगाकर पुष्प माला अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आर ए एस चौहान का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया। श्री तोमर अपने उद्बोधन मैं डॉ राधाकृष्णन जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला तथा डॉ आर ए एस चौहान जी की शिक्षा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा तथा उनकी बहुमुखी प्रतिभाओं के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक ही समाज को नई दिशा देने का काम करता है। गुरु शिष्य परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम हिस्सा है। शिक्षक माली के समान है जो अपने बगीचे को अलग-अलग रंग के फूलों से सजाता है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मयंक कटारे ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रक्षा कम्ठान द्वारा आभार व्यक्त किया गया





# हिंसा और खूनखराबा कर प्रदेश की शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा - मुख्यमंत्री श्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 31 जवानों को दी क्रम से पूर्व पदोन्नति

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट**मध्यप्रदेश शांति का टापू हैं। हिंसा और खूनखराबा कर प्रदेश की शांति को भंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। प्रदेश सरकार नक्सल उन्मूलन में जान की बाजी लगाने वाले हमारे जांबाज वीर जवानों को क्रम से पूर्व (आऊट आफ टर्न) प्रमोशन देकर उनका सम्मान कर रही है और उन्हें सेल्यूट कर रही है। हम पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों के जज्बे को सलाम करते है। यह बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज 05 सितम्बर को पुलिस लाईन बालाधाट में आयोजित कार्यक्रम में 31 जवानों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन देने के अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मध्यप्रदेश शासन के गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा, बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार, विधायक सुश्री हिना कावरे, श्री टामलाल सहारे, पूर्व विधायक श्री भगत सिंह नेताम, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्त वाता श्री आदर्श कटियार, जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री बी चन्द्रशेखर, बालाघाट जोन के पुलिए महानिरीक्षक श्री संजय कुमार, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में आऊट आफ टर्न प्रमोशन पाने वाले जवानों को मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं अतिथियों ने बैच लगाकर सम्मानित किया और जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उनके बच्चों की पढ़ाई आदि विषयों पर चर्चा की।





मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज पुलिस जवानों को आउट आफ टर्न प्रमोशन देने का अद्भूत अवसर है। इन जवानों के विपरीत परिस्थितियों में कठिन परिश्रम के कारण हमारे गांव एवं शहर सुरक्षित है। जब हम अपने घरों पर परिवार के साथ तीज त्यौहार मना रहे होते हैं, तब हमारे जवान घने जंगलों एवं पहाड़ों पर अपनी जान जोखिम में डालकर हमारी सुरक्षा में लगे रहते है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों के परिवार की माताओं एवं बहनों की होती है। इन माताओं एवं बहनों के हौसले के कारण ही हमारे जवान जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों को निभाते है। इसके लिए प्रदेश की साढ़े 08 करोड़ जनता आपकी आभारी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अगर वीरों का सम्मान नहीं किया जायेगा तो वीरता बांझ हो जायेगी। मध्यप्रदेश की सरकार प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने वाले जवानों के साथ खड़ी है। उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं होने देंगें। मैं जून माह में कान्हा पार्क आया था तो जवानों को कठिन परिस्थितियों में घनों जंगलों में ड्यूटी करते देखा था। तब जवानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना था। उसके बाद भोपाल जाकर निर्णय लिया गया कि नक्सल उन्मूलन में लगी हाक फोर्स के जवानों को सातवें वेतनमान के अनुसार 70 प्रतिशत प्रोत्साहन भत्ता दिया जायेगा। हमारी सरकार नक्सल उन्मूलन अभियान में जान की बाजी लगाकर कार्य करने वाले जवानों को आऊट आफ टर्न प्रमोशन दे रही है। हमारी सरकार जवानों के बच्चों की शिक्षा, बीमारी के उपचार पर भी ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों के जवानों ने मध्यप्रदेश को शांति का टापू बनाकर रखा है। पहले डकैतों का आतंक था, हमने उन्हें खत्म किया। सिमी का नेटवर्क खत्म किया। भोपाल जेल से भागने वालों को कुछ देर बाद ही मार गिराया गया। हम शांति के पक्षधर हैं और खूनखराबा नहीं चाहते है। उन्होंने नक्सलियों को इंगित करते हुए कहा कि शांति की बात करने वालों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले है। प्रगति एवं विकास के लिए हमारे साथ कदम मिलाकर चलें, भोली-भाली जनता को बहकाना बंद करें। बंदूक की गोली से कुछ हासिल नहीं होगा। यदि किसी ने भी हमारी जनता को छेड़ा तो हमारी सरकार उसे छोड़ेगी नहीं। मध्यप्रदेश के गृह मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि बालाघाट जिला नक्सली गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है। हमारे पुलिस जवानों ने 93 लाख रुपये के ईनामी नक्सलियों को मार गिराया है या जेल में बंद कर दिया है। हम उनका आव्हान करते हैं कि शांति को अपनायें, खून खराबा छोड़े और मुख्य धारा में शामिल हों। हम युद्ध करना जानते हैं तो बुद्ध के शांति के मार्ग को अपनाना भी जानते है। हमारे जवान डाकूओं के खात्में से लेकर सिमी के नेटवर्क को खत्म करने में सफल रहे है। जहां कहीं भी व्यवस्था बनाना हो वहां पर पुलिस के जवानों को लगा दिया जाता है।

## अजाक्स कार्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

# गुरुजनों एवं महापुरूषों का सम्मान समाज का नैतिक दायित्व -श्री भारत सिंह कुशवाह

### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह द्वारा पुस्तकालय एवं वाचनालय के लिये 5 लाख रूपये देने की घोषणा

ग्वालियर। समाज के वर्तमान एवं सुखद भविष्य का निर्माण गुरुजन करते हैं। गुरुजन, संत एवं महापुरूषों का सम्मान करना समाज का नैतिक दायित्व है। इन सभी के सम्मान से देश व समाज को ताकत मिलती है। इस आश्य के विचार उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह, पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस पर यहॉ अजाक्स कार्यालय परिसर में आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अजाक्स कार्यालय प्रांगण में पुस्तक व वाचनालय के लिए अपनी विधायक निधि से 5 लाख रूपये की धन राशि प्रदान करने की घोषणा भी इस अवसर पर की।

शिक्षक सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के लगभग 200 शिक्षकों को अजाक्स की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव ने की। इस अवसर पर बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल बतौर अति विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्री आशीष प्रताप सिंह राठौर, एमआईटीएस के निदेशक श्री आर के पंडित, संयुक्त संचालक लोक शिक्षा श्री दीपक पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार व अजाक्स के अध्यक्ष श्री मुकेश मौर्य मंचासीन थे।




राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि समाज को नई दिशा देने वाली महात्मा ज्योतिवा फुले के जीवन चरित्र को प्रदेश सरकार ने शालेय शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है। साथ ही एक-एक सीएम राईस स्कूल का नाम महात्मा ज्योतिवा फुले एवं माता सावित्री वाई फुले के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार महात्मा ज्योतिवा फुले की जयंती को समारोह पूर्वक मनाएगी। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर यह भी कहा कि संत रविदास के भव्य मंदिर निर्माण के लिए जमीन के साथ-साथ हर संभव मदद मुहैया कराई जाएगी।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने कहा शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है एवं शिक्षक ही समाज को संस्कारवान बनाते हैं। सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी भी शिक्षक से ही देश के प्रथम नागरिक यानि राष्ट्रपति बने थे।

बीज एवं फॉर्म विकास निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि हमारे देश में गुरुजन व शिक्षक सदैव से सम्माननीय रहें हैं। जिस प्रकार मूर्तिकार पत्थर को तरासकर मूर्ति गढ़ता हैं। उसी प्रकार शिक्षक बच्चों को अपनी शिक्षा देकर अच्छा नागरिक बनाते हैं।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा गुरू केवल ज्ञान भर नहीं देता वह सृजन करता है। ज्ञान जीवंत होता हैं और ज्ञान ही सृजन का अहसास कराता है। उन्होंने कहा शिष्य को ग्रहण करने की जिज्ञासा से परिपूर्ण होना चाहिए। तभी वह ठीक ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने इस अवसर पर अपने गुरुजनों का सम्मान पूर्वक स्मरण किया।

श्री आशीष प्रताप सिंह राठौर ने इस अवसर पर कहा मॉ में वात्सल्य, पिता में अनुशासन और गुरुजनों में दोनों गुण समाहित रहते हैं।

### ब्राह्मण समाज के लोगों ने निकाली रैली, दिया ज्ञापन



ग्वालियर। भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित पिछड़ा वर्ग नेता प्रीतम लोधी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्वालियर में आज फिर से राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा गोविंदपुरी भगवान परशुराम तिराहे से कलेक्ट्रेट तक विरोध रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट गेट पर जमकर प्रदर्शन किया बाद में प्रीतम लोधी की गिरफ्तारी को लेकर एसडीएम सी बी प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी यहां मौजूद रहा तो वही ब्राह्मण समाज के युवाओं द्वारा यहां प्रीतम लोधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने ज्ञापन में मांग की है कि प्रीतम लोधी पर पूर्व से कई गंभीर अपराध दर्ज हैं और उसे राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है जिसके चलते पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है जबकि प्रीतम लोधी के द्वारा लगातार ब्राह्मण समाज को लेकर अनर्गल और अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है ऐसे में ब्राह्मण समाज ने चेतावनी दी है कि 7 दिन के अंदर अगर पीतम लोधी को गिरफ्तार नहीं किया गया तो ब्राह्मण समाज व्यापक आंदोलन चलाने को मजबूर होगा।

# संयम के बिना बेकार हो जाता है हमारा जीवन, विषय भोगों से रहें दूर :मुनिश्री

### आज सुगंध दशमी पर धूप से महक उठे जैन मंदिर, महिलाओ ने रखे व्रत, मंदिरों में हुई सज्जवट

ग्वालियर। जैसे बिना ब्रेक की गाड़ी से आपका जीवन असुरक्षित है, उसी प्रकार बिना संयम के आपके गुणों का कोई महत्व नहीं है। बिना संयम के आपका जीवन व्यर्थ चला जाता है। जो आत्मकल्याण करना चाहते हैं वे संयम का पालन अवश्य करते हैं। उक्त उद्गार पर्यूषण पर्व के छठवें दिन सोमवार को उत्तम संयम धर्म पर श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय वर्षायोग समिति व सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर एवं मुख्य संयोजक मनोज जैन, जैन कॉलेज के तत्वावधान में माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

मुनिश्री ने कहा कि संयम जिसके पास होता है वह विषयभोगों से मुक्त होकर शांति को महसूस करता है। शरीर की स्वस्थता, मन की पवित्रता,



संस्कारों की प्राप्ति के साथ निरोगी काया मिलती है। जिनका आचरण संतुलित नहीं होता वे बिना ब्रेक की गाड़ी के समान हैं। आत्मतत्व को पाना चाहते हो तो संयम रूपी लगाम का होना आवश्यक है। बिना संयम के हमारा मन भी इधर - उधर भटक कर असंयम में अपने जीवन का अकल्याण कर सकता है। संयमी की यात्रा मजदूर से मालिक बनने की है। कंकर से शंकर बनने की है। असंयमी व्यक्ति अपने जीवन को व्यसनों में गंवा देता है। रात्रि ने सास्कृतिक कार्यक्रम में जैन मिलन विहर्ष महिला माधवगंज की ओर से सती मैना सुंदरी नाटक का मंचन किया गया।

मुनिश्री से गृहमंत्री के भतीजे डॉ विवेक मिश्रा ने लिया आशीर्वाद, समिति ने किया सम्मानित।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पर्युषण पर्व पर मुनिश्री विनय सागर महाराज ससंघ से मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा जी के भतीजे डॉ विवेक मिश्रा जी ने पहुँचकर श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। श्रीमान डॉ विवेक मिश्रा ने धर्मसभा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व मुनिश्री के पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंटकर किया। वही अतिथि डॉ विवेक मिश्रा का सम्मान चातुर्मास के मुख्य संयोजक मनोज जैन (चेयरमैन जैन कॉलेज), अध्यक्ष कमलेश जैन, जितेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने तिलक टुपट्ट व साफ पहनकर सामूहिक रूप से सम्मानित किया। अतिथि डॉ विवेक मिश्रा जी ने कहा की जैन दर्शन कहता है कि जिओ ओर जीने दो येही जैन धर्म का मूल मंत्र है।

हमेशा मुझे मुनिराजों का आशीर्वाद समय

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कर्मचारी अपने ऊपर हो रहे हमलों को लेकर ऊर्जा मंत्री को दिया ज्ञापन, की सुरक्षा की मांग



ग्वालियर। उपनगर ग्वालियर और ग्वालियर चंबल अंचल में ही आए दिन बिजली कर्मचारी हमले का शिकार हो रहे हैं। बीते एक महीने के अंदर ही ग्वालियर में बिजली विभाग से जुड़े 5 कर्मचारियों की बेरहमी से पिटाई हुई है। कहीं मीटर रीडर पिट रहे हैं, तो कहीं अवैध बिजली कनेक्शन काटने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर हमलावर कहर ढा रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि ऐसे हमलों के बाद कर्मचारी की शिकायत पर मामूली धाराओं में केस रजिस्टर किया जाता है। लेकिन कार्रवाई सख्त नहीं हो पाती। यही वजह है कि नाराज बिजली कर्मचारियों ने एक सुर में हल्ला बोल आंदोलन शुरू कर दिया है और आज ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के घर का घेराव कर उनसे बिजली कर्मचारियों पर हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग के साथ ही मध्य प्रदेश में कर्मचारी प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की गुजारिश की है। ऐसा ना करने पर 2023 विधानसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ उतर कर सरकार की विदाई करने की चेतावनी दी है।

### ग्वालियर में राजमाता विजया राजे कृषि विश्वविद्यालय में आज एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्राओं ने जमकर हंगामा काटा



ग्वालियर। राजमाता विजयराजे कृषि विश्वविद्यालय में आज एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्राओं ने जमकर हंगामा काटा। हंगामा करने वालों का आरोप है कि एक छात्र के साथ कॉलेज में तैनात कम्प्यूटर ऑपरेटर ने ना सिर्फ अभद्रता की है बल्कि मनमाने ढंग से उसकी कॉपियों का मूल्यांकन कर उसकी साल बर्बाद कर दी है। वहीं विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है लिखित शिकायत मिलने पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को ग्वालियर एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्र राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए मेन गेट पर धरना दिया। हंगामा करने वाले छात्रों का कहना है कॉलेज प्रबन्धन छात्रों के साथ मनमानी कर रहा है। ऐसे ही एक छात्र मनजीत सिंह ने कॉलेज प्रबन्धन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि पिछले दिनों उसके पिता का निधन हो गया था, उसने मिड टर्म एक्जाम में आवेदन देकर शामिल नहीं हो पा ने की जानकारी कॉलेज प्रबन्धन को दी थी। बावजूद इसके कॉलेज प्रबन्धन ने उसके आवेदन को निरस्त किए जाने की कोई सूचना नहीं दी। आज जब वह अपना ऑफलाइन रिजल्ट देखने गया तो उसे फ़ैल कर दिया गया। इतना ही नहीं कम्प्यूटर ऑपरेटर ने उसके साथ अभद्रता भी की है। ऐसे में अब उसकी मांग है कि कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हालांकि कम्प्यूटर ऑपरेटर आलोक राजावत उस पर लगे सभी आरोपों को खारिज कर रहा है। उसका तर्क है पीड़ित छात्र मानसिक रूप से तनावग्रस्त है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के मिडिया सलाहकार नरेन्द्र सलूजा को ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने तलब किया

ग्वालियर। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार नरेन्द्र सलूजा को ग्वालियर क्राइम ब्रान्च ने तलब किया है। बताया जाता है कि सलूजा के खिलाफ भाजपा नेता ने क्राईम ब्रान्च में शिकायत की थी, सलूजा ने बीते दिनों एक ऑडियो क्लिप वायरल की थी, जिसमे उन्होंने निकाय चुनाव में टिकिट को लेकर भाजपा में लेनदेन की बात कही थी। बताया जाता है कि बीती 27 अगस्त को कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के मीडिया सलाहकार नरेन्द्र सलूजा ने अपने ट्वीटर एकाउंट पर एक ऑडियो क्लिप अपलोड की थी,जिसने सोशल मीडिया के जरिए राजनीतिक गलियारे में हंगामा मचा दिया था। ऑडियो में दो लोगों के बीच नगरीय निकाय चुनाव में टिकट को लेकर बातचीत सुनाई दे रही थी। एक पक्ष दूसरे पक्ष से टिकट के संबंध में बात कर रहा था। दूसरा पक्ष पांच लाख रुपए में टिकट पक्का करने की बात कह रहा था। नरेंद्र सलूजा ने यह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजौरिया का ऑडियो बताते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया,भाजपा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 27 अगस्त को एसएसपी ग्वालियर अमित सांघी को लिखित शिकायत की थी।

# रेत माफियाओं से जब्त रेत गरीबों को घर बनाने के लिये सौंपा

### बिना पैसे के रेत पाकर गद गद हैं पीएम आवास योजना के हितग्राही

ग्वालियर। ग्वालियर जिले में रेत माफियाओं से जब्त रेत को नष्ट करने के बजाय इसका उपयोग जनहित में हो रहा है। इस रेत से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के आशियाने (घर) आकार ले रहे हैं। खासतौर पर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ग्रामीण अंचल में जिन गरीब परिवारों के लिए पक्के आवास मंजूर हुए हैं, उन्हें अपना मकान बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा यह रेत मुहैया कराया गया है।

जिले की जनपद पंचायत डबरा के अंतर्गत विभिन्न गाँवों में निवासरत प्रधानमंत्री आवास योजना के आधा सैकड़ा परिवारों एवं भितरवार जनपद पंचायत क्षेत्र के लगभग 25 परिवारों को अभी तक पक्का मकान बनाने के लिए जिला प्रशासन रेत उपलब्ध करा चुका है। बिना पैसों के रेत मिल जाने से ग्रामीणजन काफी खुश हैं। उनका कहना है इससे हमारे घरों की लागत कम हो गई है। रेत मिलने से जो रकम बची है,उसे हम अपने घर को सजाने- संवारने पर खर्च करेंगे।

ज्ञात हो जिले में एंटी माफिया अभियान के तहत रेत के अवैध उत्खनन , परिवहन व भंडारण पर सख्ती से अंकुश लगाया जा रहा है। साथ ही अवैध



रेत जब्त करने की कार्रवाई भी की जा रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की पहल पर जब्तशुदा रेत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मकान बनाने के लिये दिया गया है।

जिले की जनपत पंचायत डबरा के ग्राम करही के निवासी मोहन,जगदीश,बिट्टो बाई व दक्खो बाई, ग्राम धई के देवेन्द्र, गम्भीर व लखन, ग्राम खडबई के धनीराम व काशीराम, ग्राम बडेराबुजुर्ग के रामेश्वर, ग्राम लिधौरा के राकेश, हरीराम व केदार, ग्राम चितावनी के इन्द्र सिंह, माखन सिंह व अतेन्द्र, ग्राम गिर्जोरा के जितेन्द्र जाटव, ग्राम बाबूपुर के होतम,अतर सिंह व लक्ष्मण, ग्राम विर्राट के सुरेश,देवी सिंह व देवी सिंह जाटव, ग्राम सेकरा के फूल सिंह, ग्राम सरनागत के बानजीत,गोपाल व रामकली, ग्राम छपरा के धर्मेंद्र, मुनेश,रामअवतार,ज्ञान सिंह व भारती, ग्राम गतारी के पंचू, परसराम व रामअवतार, ग्राम वीर मढाना के महेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, रमेश दुबे व आशीष, ग्राम सलैआ के जितेन्द्र, ग्राम शंकरपुर के राजू एवं ग्राम जौरासी के मनीराम, राम सिंह, रमेश, बालेश्वरी, रामकली व रामश्री को अभी तक जिला प्रशासन रेत उपलब्ध करा चुका है।

इसी तरह जनपत पंचायत भितरवार के ग्राम बन्हेरी निवासी लक्ष्मण जाटव, राजू परिहार, मुन्नी बाई व सुंदरलाल कुशवाह, ग्राम बागवई के भूपेन्द्र, बलराम व जगदीश सिंह, ग्राम विछारी खुर्द के परमाल सिंह, जसवंत सिंह, आशीष व भूरी बाई को प्रशासन द्वारा घर बनाने के लिये जब्तसुदा रेत बिना पैसे के उपलब्ध कराया है।

# पर्यूषण महापर्व पर अलग अलग मंदिरों में पहुँचकर प्रतियोगिता कर रहे हैं

### जैन सोशल ग्रुप द्वारा मुरार में खिलाया धार्मिक हाउजी, पुरुस्कृत हुए विजेता




ग्वालियर। जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर की ओर मुरार संतर स्थित जैन धर्मशाला में चल रहे गणिनीप्रमुख आर्षमति माताजी के चातुर्मास में पर्यूषण महापर्व के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों की श्रंखला में धार्मिक हाउजी का विशेष आयोजन किया गया।

धार्मिक हाउजी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मंगलाचरण नेलिशा कागदी ने किया।कार्यक्रम में बेहद ही ज्ञानवर्धक थी व लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर अपने ज्ञान की वृद्धि करी। धार्मिक हाउजी में लोगो ने बढ़ाचढ़ाकर बड़े उत्साह के साथ खेली। कार्यक्रम का मुख्य संचालन संस्था की संरक्षिका अनीता जैन व अध्यक्ष डॉक्टर यशी जैन ने किया। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक महेश चंद जैन, संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट मनोज कुमार जैन, सचिव रोहित जैन, कोषाध्यक्ष अजय कागदी, राजीव जैन, साधना जैन, सुप्रिया जैन, दिव्या जैन, संगीता कागदी, अरविंद जैन मोदी, नीतू जैन, परेश जैन, पायल जैन आदि उपस्थित थे।

### भारतीय जीवन बीमा निगम ने 66वें स्थापना दिवस नगर निगम को दिये 100 पौधे लगे गमले, लिया स्वच्छता में सहयोग का संकल्प

ग्वालियर। भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा अपने 66वें स्थापना दिवस पर सभापति श्री मनोज सिंह तोमर एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की उपस्थित में नगर निगम को 100 पौधे लगे गमले प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के संकल्प को दोहराया और आवश्वासन दिया कि ग्वालियर शहर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में हर कदम उनके साथ है। एलआईसी द्वारा फूलबाग महापौर कार्यालय जलविहार में 100 पौधे युक्त गमले नगर निगम को भेंट किये गए।

# नगर निगम के हर वार्ड में वार्ड सहायक तैनात करें- कलेक्टर श्री सिंह



### एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट के रूप में काम करेंगे वार्ड सहायक

### अंतरविभागीय समन्वय बैठक में हुई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा

ग्वालियर। नगर निगम के हर वार्ड में एक एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट (प्रशासनिक इकाई) के रूप में वार्ड सहायक तैनात होंगे। ये वार्ड सहायक घर-घर दस्तक देकर सभी पात्र परिवारों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में एक सेतु की तरह काम करेंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय बैठक में संबंधित एसडीएम एवं उप आयुक्त नगर निगम को नगर निगम के हर वार्ड में जल्द से जल्द जिम्मेदार कर्मचारियों को वार्ड सहायक के रूप में नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में अयोजित हुई बैठक में कलेक्टर श्री सिंह राज्य सरकार की पहल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभान्वित कराने के लिए उद्देश्य से शुरू होने जा रहे महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए की बीएलओ की तर्ज पर नगर निगम क्षेत्र में वार्ड सहायक तैनात किए जाएँ। वार्ड सहायक के बैठने के लिए स्थान निर्धारित करें, साथ ही उन्हें जरूरी संसाधन भी मुहैया कराए जाएँ। कलेक्टर ने इस अभियान को पूरी गंभीरता से लेने पर जोर देते हुए कहा कि जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में एक हफ्ते के भीतर डोर टू डोर सर्वे कराएँ और सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर लाभान्वित कराना सुनिशचित करें।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढ़पाले व श्री एच बी शर्मा सहित जिले के सभी एसडीएम एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में जोर देकर कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों में तेजी के साथ पात्र परिवारों को संबल 2 योजना के तहत पंजीकृत करें। यह योजना राज्य शासन की विशेष प्राथमिकताओं में है इसलिए इसमें किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।

*स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार।* **E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478**